website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

दैनिक
रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 253 | पेज: 8 | जयपुर, गुरुवार 21 अगस्त 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

नई दिल्ली में 27 सितम्बर से वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत पहली बार वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 की मेजबानी करने जा रहा है। यह देश में अब तक आयोजित होने वाला सबसे बड़ा पैरा-खेल आयोजन होगा, जिसमें 104 देशों से 2,500 से अधिक पैरा-एथलीट और सपोर्ट स्टाफ हिस्सा लेंगे। यह चैम्पियनशिप 27 सितंबर से 5 अक्टूबर 2025 तक नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगी। इस दौरान पुरुष, महिला और मिक्स श्रेणी में कुल 186 पदक मुकाबले होंगे। आयोजन समिति के अनुसार, यह टूर्नामेंट न केवल बेहतरीन पैरा-एथलीटों को एक साथ लाएगा बल्कि साहस और समावेशिता की अनोखी मिसाल भी पेश करेगा।

पैरा ओलंपिक समिति की प्रमुख संरक्षक (चीफ पैट्रन) वनाति श्रीनिवासन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें चैम्पियनशिप के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। पीएम मोदी ने भारत की पैरा-खेल दृष्टि का समर्थन करते हुए इस आयोजन को खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। इस प्रतियोगिता में अमेरिका, जर्मनी, इंग्लैंड, कनाडा, ब्राजील, फ्रांस, स्पेन, जापान, मैक्सिको, तुर्की, पोलैंड, ऑस्ट्रेलिया और चीन समेत कई देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

दिल्ली का जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम इस आयोजन के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं और उन्नत दिव्यांग-अनुकूल (एक्सेसिबल) व्यवस्थाओं से सुसज्जित किया गया है, ताकि खिलाड़ियों, अधिकारियों, मीडिया और दर्शकों को बेहतर और समावेशी माहौल मिल सके। वनाति श्रीनिवासन ने कहा, "नई दिल्ली में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी केवल खेल तक सीमित नहीं है। यह पैरा-एथलीटों की अदम्य शक्ति और साहस को सामने लाने का अवसर है। यह आयोजन लाखों लोगों को प्रेरित करेगा, भारत की आयोजन क्षमता को दुनिया के सामने रखेगा और भविष्य के कई चैंपियनों के सपनों को पंख देगा।"

भाजपा सांसदों, मंत्रियों ने सीएम रेखा गुप्ता पर हुए 'कायराना' हमले की कड़ी निंदा की

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार को जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ। भाजपा ने इस हमले की निंदा की और इसे लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला एवं कायराना बताया। उन्होंने मामले की जांच की मांग की।

ऐसे हमलों से रेखा गुप्ता डरने वाली नहीं

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने सीएम रेखा गुप्ता पर हुए हमले को कायराना हरकत बताया। उन्होंने मीडिया से कहा, "दिल्ली की मुख्यमंत्री के ऊपर हुआ हमला एक कायराना हरकत है, जिसकी हम कड़ी निंदा करते हैं। लेकिन यह हमला दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का जज्बा नहीं तोड़ पाएगा। वह जमीन से जुड़ी हुई नेता हैं और लोगों के बीच में जाकर उनका काम करती हैं। उनके हौसले को यह हमला नहीं हिला पाएगा। सुरक्षा में जो चूक हुई है, उसकी जांच होगी। जो शख्स पकड़ा गया है, उसने क्यों ऐसा किया है, उसकी भी जांच होगी। ऐसे हमलों से रेखा गुप्ता डरने वाली नहीं हैं, और वह दिल्ली के हित में लगातार काम करती रहेंगी।"

आज जो हुआ वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण

सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा, "पिछले पांच महीनों से, जब से रेखा गुप्ता दिल्ली की मुख्यमंत्री बनी हैं, वह लोगों के बीच और अपने आवास पर 'जन सुनवाई' कर रही हैं। आज जो हुआ वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। एक जांच होनी चाहिए कि इस व्यक्ति ने ऐसा व्यवहार क्यों किया, क्योंकि यह चिंता का विषय है। मुख्यमंत्री सिर्फ सरकार का चेहरा नहीं, बल्कि पूरे शहर का प्रतिनिधि होता है। एक मुख्यमंत्री जो जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझता है, अगर ऐसे व्यक्ति पर हमला होता है, तो इसकी निंदा जरूर होनी चाहिए। इसकी पूरी जांच होनी चाहिए और इस तरह की घटना के पीछे की असली वजह जानने के लिए पूरी सच्चाई सामने आनी चाहिए।"

जनसुनवाई का कार्यक्रम लोगों से सीधे जुड़ने का माध्यम

वहीं, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके इस हमले को लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला बताया। उन्होंने लिखा, "अपने आवास पर जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला अत्यंत निंदनीय है और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। जनसुनवाई का कार्यक्रम लोगों से सीधे जुड़ने का माध्यम है, जहां जनता अपने सवाल और संदेह बिना किसी डर या बाधा के मुख्यमंत्री तक पहुंचा पाती है। ऐसी पवित्र लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश कदापि स्वीकार नहीं की जा सकती। दोषियों पर उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी।"

आशीष सूद ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया

दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद ने इस कृत्य को लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, "मुख्यमंत्री पर हुआ हमला अत्यंत दुखद, निंदनीय और अस्वीकार्य है। दिल्ली के हित के लिए निरंतर कार्यरत एक संवेदनशील और दृढ़निश्चयी महिला नेतृत्व पर इस प्रकार का कायरतापूर्ण आक्रमण लोकतांत्रिक आचरण की मूल भावना के विपरीत है। यह अमर्यादित कृत्य न केवल हमारे लोकतंत्र की साख को आहत करता है, बल्कि समाज में अराजकता फैलाने का घृणित प्रयास भी है। प्रदेश की महिला मुख्यमंत्री पर हमला करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। दिल्ली पुलिस इस मामले की गहन विवेचना कर रही है और मुझे विश्वास है कि जांच इस षड्यंत्र की तह तक जाएगी। मैं और प्रदेश की समूची जनता इस कायरतापूर्ण कार्य की घोर निंदा करते हैं।"

भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, "मुख्यमंत्री सुरक्षित हैं और अपना काम पहले की तरह जारी रखेंगी। चिंता की कोई बात नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।"

अमेरिका में वाशिंगटन डीसी में बढ़ती हिंसा के बीच नेशनल गार्ड की तैनाती तेज

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वाशिंगटन डीसी में "क्राइम इमरजेंसी" घोषित करने के बाद, कई रिपब्लिकन-नेतृत्व वाले राज्यों ने राष्ट्रीय राजधानी में नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती शुरू कर दी है। इस संबंध में अमेरिकी राज्य टेनेसी ने घोषणा की है कि वह 160 नेशनल गार्ड सैनिकों को वाशिंगटन भेज रहा है, जो इस सप्ताह के अंत तक पहुंचने की उम्मीद है। इसके साथ ही, वेस्ट वर्जीनिया, ओहायो, साउथ कैरोलिना, मिसिसिपी और लुइसियाना ने भी नेशनल गार्ड की तैनाती का वादा किया है। इससे वाशिंगटन में नेशनल गार्ड सैनिकों की कुल संख्या 2,000 तक पहुंच सकती है।

ट्रंप का दावा: अपराध नियंत्रण से बाहर

राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में दावा किया था कि वाशिंगटन में अपराध की स्थिति बेकाबू हो गई है और लोग बेघर हो रहे हैं। इसके जवाब में 11 अगस्त को 800 नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया गया था। इस नए घटनाक्रम ने राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की कोशिश को दर्शाया है।

डेमोक्रेट्स की कड़ी आलोचना

वहीं डेमोक्रेटिक गवर्नर्स एसोसिएशन की अध्यक्ष और कंसास की गवर्नर लॉरा केली ने इस कदम की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे ट्रंप का "खतरनाक, राजनीति से प्रेरित एजेंडा" करार देते हुए कहा कि बिना स्थानीय अधिकारियों की सहमति के नेशनल गार्ड की तैनाती न केवल संसाधनों की बर्बादी है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता को भी नुकसान पहुंचाती है। केली ने अन्य गवर्नरों से आग्रह किया कि वे अपने नेशनल गार्ड सैनिकों को इस तरह के कदमों में शामिल होने से रोकें।

विवादों के बीच गहराता विभाजन

केली ने इस कदम को राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक बताया। उन्होंने कहा, यह कदम देश में पहले से मौजूद राजनीतिक विभाजन को और गहरा सकता है। डेमोक्रेट्स का तर्क है कि नेशनल गार्ड का उपयोग वास्तविक आपात स्थितियों के लिए होना चाहिए, न कि राजनीतिक उद्देश्यों के लिए। दूसरी ओर, रिपब्लिकन गवर्नर इसे कानून-व्यवस्था बहाल करने की दिशा में एक जरूरी कदम बता रहे हैं। वाशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड की बढ़ती मौजूदगी और इस मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस से स्थिति और जटिल होती जा रही है।

भारत ने 'अग्नि-5' बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया

-5,000 किमी से अधिक दूरी की मारक क्षमता

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने बुधवार को अपनी सबसे उन्नत मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-5' का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड की देखरेख में किया गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मिसाइल ने सभी संचालनात्मक और तकनीकी मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस परीक्षण में मिसाइल की मार्गदर्शन प्रणाली, प्रणोदन, चरण विभाजन और सटीकता को परखा गया।

'अग्नि-5' की सबसे बड़ी खासियत इसकी 5,000 किलोमीटर से अधिक की मारक क्षमता है, यानी यह मिसाइल एशिया महाद्वीप के लगभग सभी देशों और यूरोप के कुछ हिस्सों तक आसानी से पहुंच सकती है। यह आधुनिक नेविगेशन, मार्गदर्शन और पुन: प्रवेश प्रणाली से लैस है। साथ ही यह परमाणु और पारंपरिक दोनों प्रकार के वारहेड ले जाने में सक्षम है। डीआरडीओ द्वारा विकसित यह मिसाइल पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर आधारित है और सड़क-गतिशील (रोड-मोबाइल) लॉन्चर से भी दागी जा सकती है। यह क्षमता भारत की रक्षा तैयारियों को और मजबूत बनाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस परीक्षण से भारत की सामरिक शक्ति में बढ़ोतरी हुई है।

परीक्षण के दौरान समुद्र में तैनात जहाजों, राडार और टेलीमेट्री स्टेशनों ने मिसाइल की उड़ान पर लगातार नजर रखी और सभी तकनीकी आंकड़ों का गहन विश्लेषण किया गया। अग्नि श्रृंखला भारत की परमाणु-सक्षम मिसाइलों का मुख्य आधार है। सबसे पहली अग्नि-1 की मारक क्षमता 700 किमी थी। इसके बाद अग्नि-2 (2,000 किमी), अग्नि-3 (3,500 किमी) और अग्नि-4 (4,000 किमी) विकसित की गईं। अब अग्नि-5 इस श्रृंखला की सबसे उन्नत मिसाइल के रूप में सामने आई है। 'अग्नि-5' का सफल परीक्षण भारत की न्यूनतम प्रतिरोध क्षमता और "पहले इस्तेमाल नहीं" की घोषित परमाणु नीति के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस के विद्वानों और थिंक टैंक प्रतिनिधियों से की मुलाकात

नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को अपने तीन दिवसीय रूस दौरे के दौरान मॉस्को में प्रमुख रूसी विद्वानों और थिंक टैंक प्रतिनिधियों से मुलाकात की। बैठक में भारत-रूस संबंधों, बदलते वैश्विक जियो- पॉलिटिक्स परिदृश्य और महत्वपूर्ण मुद्दों पर भारत के दृष्टिकोण पर विस्तृत चर्चा हुई। जयशंकर ने बातचीत की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा कि उन्होंने रूस के प्रमुख विद्वानों और थिंक टैंक प्रतिनिधियों के साथ भारत रूस संबंधों,समकालीन जियो-पॉलिटिक्स और भारत के दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श किया।

दौरे के दौरान विदेशमंत्री ने द्वितीय विश्व युद्ध में शहीद हुए सोवियत सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए मॉस्को के अलेक्जेंडर गार्डन स्थित 'अज्ञात सैनिक की समाधि' (Tomb of the Unknown Soldier) पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके अलावा, वे मॉस्को में भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग (IRIGC-TEC) के 26वें सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे, जिससे द्विपक्षीय सहयोग को और गहराई देने की तैयारी है। यह दौरा रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के निमंत्रण पर हो रहा है। विदेश मंत्रालय ने इसे रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह भारत-रूस की "विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी" को और मजबूत करेगा। अपने दौरे के दौरान जयशंकर रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। दोनों नेता 15 जुलाई को SCO विदेश मंत्रियों की बैठक और हालिया BRICS शिखर सम्मेलन के दौरान भी मिल चुके हैं, जो निरंतर उच्चस्तरीय संवाद को दर्शाता है। इसी क्रम में, साल के अंत में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत आने की संभावना है; उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आमंत्रित किया है।

लोकसभा ने पारित किया ऑनलाइन गेमिंग विधेयक

-ई-स्पोर्ट्स को मिलेगा बढ़ावा, बेटिंग और जुए पर प्रतिबंध

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा ने बुधवार को ऑनलाइन गेमिंग के प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक पारित कर दिया। इस विधेयक का उद्देश्य ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढ़ावा देना है, जबकि ऑनलाइन मनी गेम्स यानी पैसों से जुड़े खेलों, उनसे जुड़ी सेवाओं, विज्ञापनों और वित्तीय लेनदेन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाना है। विधेयक पेश करते हुए केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार का मकसद समाज की सुरक्षा करते हुए वैध ऑनलाइन गेमिंग को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि जब समाज और सरकारी राजस्व के बीच चुनने की बात आती है, तो प्रधानमंत्री हमेशा समाज को प्राथमिकता देते हैं और समाज के हितों से कभी समझौता नहीं किया गया है। यह विधेयक ध्वनिमत (voice vote) से पारित हुआ।

वैष्णव ने ऑनलाइन गेमिंग को तीन हिस्सों में बांटा। पहला ई-स्पोर्ट्स, जिसमें रणनीतिक सोच, टीम वर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान शामिल हैं। दूसरा ऑनलाइन सोशल गेम्स जैसे सॉलिटेयर, शतरंज और सुडोकू, जिन्हें शिक्षाप्रद और मनोरंजक माना गया। तीसरा हिस्सा ऑनलाइन मनी गेम्स है, जो समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। केंद्रीय ई-मनी गेम्स मंत्री ने कहा कि कई परिवार इनसे बर्बाद हो गए और आत्महत्या तक के मामले सामने आए हैं। इन खेलों से नशे की लत, आर्थिक नुकसान, धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग और यहां तक कि आतंकवाद को भी बढ़ावा मिला है। हालांकि विधेयक में स्पष्ट किया गया है कि ऑनलाइन मनी गेम्स खेलने वाले लोगों को कोई सजा नहीं दी जाएगी। केवल सेवा प्रदाताओं, विज्ञापनदाताओं, प्रमोटरों और वित्तीय सहयोगियों पर कार्रवाई होगी। इस कानून के तहत ऑनलाइन मनी गेम्स की पेशकश या संचालन करने पर 3 साल तक की कैद और/या 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। विज्ञापन से जुड़े उल्लंघन पर 2 साल तक की कैद और/या 50 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। दोबारा अपराध करने पर 3 से 5 साल तक की कैद और 2 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। सभी प्रमुख अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती होंगे।

इसके अलावा, केंद्र सरकार अधिकृत अधिकारियों को जांच, तलाशी और जब्ती के अधिकार देगी। संदिग्ध मामलों में अधिकारी बिना वारंट प्रवेश, तलाशी और गिरफ्तारी कर सकेंगे। सरकार का मानना है कि इस कानून से ई-स्पोर्ट्स को वैध पहचान और बढ़ावा मिलेगा, जबकि समाज को ऑनलाइन जुए और मनी गेम्स से होने वाले गंभीर नुकसान से बचाया जा सकेगा।

मुंबई में भारी बारिश से हवाई सेवा प्रभावित, 'इंडिगो' एयरलाइंस ने जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई में भारी बारिश के कारण हवाई सेवा भी बाधित हो रही है। इसके मद्देनजर भारत की प्रमुख विमानन कंपनी इंडिगो ने यात्रियों के लिए बुधवार को एक प्रमुख एडवाइजरी जारी की है।

बारिश की आशंका के कारण हवाई यात्रा पर असर

इंडिगो एयरलाइंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करके बारिश की आशंका के कारण हवाई यात्रा पर असर पड़ने की बात कही। कंपनी ने लिखा, "हालांकि हम चाहते हैं कि आपकी यात्रा यथासंभव परेशानी मुक्त हो, लेकिन प्रकृति की भी अपनी योजनाएं हैं। मुंबई में फिर से भारी बारिश की आशंका है, जिससे हवाई यातायात में भीड़भाड़ और उड़ान संचालन पर असर पड़ने की संभावना है।"

उन्होंने लिखा, "हम संचालन को सुचारू रखने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हम पहले से योजना बनाने की सलाह देते हैं। आपकी उड़ान के शेड्यूल में कोई भी बदलाव आपके पंजीकृत संपर्क विवरण के माध्यम से साझा किया जाएगा, इसलिए सुनिश्चित करें कि वे अपडेट रहें।"

इंडिगो ने यात्रियों को दी सलाह

एयरपोर्ट जाने के लिए समय से पहले निकलने की सलाह देते हुए इंडिगो ने लिखा, "एयरपोर्ट जाने से पहले हमारी वेबसाइट या ऐप पर अपनी उड़ान की स्थिति देखें। और जलभराव और धीमी गति से चलने वाले ट्रैफिक की संभावना के कारण, अपनी यात्रा के लिए कुछ अतिरिक्त समय निकालें। सड़कों पर सुरक्षित रहें और तैयार होकर यात्रा करें।"

इससे पहले बुधवार को भी इंडिगो एयरलाइंस ने पोस्ट करके एक एडवाइजरी जारी की थी। उसमें भी विमानन कंपनी ने कई विमानों के आगमन और प्रस्थान में देरी की आशंका जताई थी और यात्रियों को इंडिगो की ऐप और वेबसाइट से यात्रा संबंधी प्रमुख गाइडलाइन्स को फॉलो करने की सलाह दी थी।

आईएमडी ने दी भारी बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग ने मुंबई में भारी बारिश की चेतावनी दी थी, जिसके कारण उड़ानों के समय में बदलाव या देरी की संभावना जताई जा रही है। आईएमडी ने महाराष्ट्र में 16 से 21 अगस्त के दौरान भारी वर्षा जारी रहने की संभावना जताई थी। मौसम विभाग के अनुसार, 21 अगस्त तक मध्य महाराष्ट्र के कोंकण और आसपास के घाट क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा, जबकि कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा के साथ व्यापक वर्षा हो सकती है।

हनोई में भारत-वियतनाम कोस्ट गार्ड्स की छठी उच्च स्तरीय बैठक

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और वियतनाम के कोस्ट गार्ड्स के बीच छठी उच्च स्तरीय बैठक बुधवार को हनोई में आयोजित हुई। दोनों देशों की कोस्ट गार्ड एजेंसियों के बीच यह बैठक 2015 में हुए समझौते के तहत हुई। इस बैठक की सह-अध्यक्षता भारतीय कोस्ट गार्ड के अतिरिक्त महानिदेशक आनंद प्रकाश बडोला और वियतनाम कोस्ट गार्ड के वाइस कमांडेंट मेजर जनरल वू टुंग कियेन ने की।

बैठक में समुद्री खोज एवं बचाव समुद्री कानून प्रवर्तन, समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने पर सहमति बनी। दोनों पक्षों ने हाल ही में हुई जहाज यात्राओं और पेशेवर आदान-प्रदान की समीक्षा की और भविष्य में संयुक्त गतिविधियों को जारी रखने का निर्णय लिया।

खास तौर पर सीमा-पार समुद्री अपराधों जैसे तस्करी, मानव तस्करी और अवैध मछली पकड़ने से निपटने में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही संयुक्त SAR ऑपरेशनों और प्रदूषण प्रतिक्रिया पहलों के महत्व पर प्रकाश डाला गया ताकि समुद्री सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

इसके अलावा दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने नियमित संस्थागत बातचीत, श्रेष्ठ प्रथाओं के आदान-प्रदान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और जहाज यात्राओं की प्रतिबद्धता दोहराई। उनका मानना है कि इस तरह की पहल आपसी विश्वास और परिचालन तालमेल को और मजबूत करती है। यह बैठक भारतीय और वियतनामी कोस्ट गार्ड्स के पेशेवर रिश्तों को और गहराई देने के साथ-साथ मित्रता और सहयोग की भावना में क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा, सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

रॉयल पत्रिका

संपादकीय....

बहुत प्राचीन है विद्रोही साहित्य : चुप्पी तोड़िए, बोलना ज़रूरी है

जब भी हम विद्रोह की बात करते हैं, तो हमें लगता है कि यह कोई नई चीज है, कोई नया आंदोलन है। लेकिन सच यह है कि विद्रोही साहित्य उतना ही पुराना है जितना इंसान का दुख, जितनी उसकी बेचैन आत्मा, जितनी उसकी स्वतंत्रता की प्यास। हजारों साल पहले भी जब शोषण और अन्याय हुआ, तब किसी न किसी ने अपनी चुप्पी तोड़ी, बोलने की हिम्मत की और अपनी आवाज को कागज पर उतार दिया। आज जब हम लगातार अन्याय और असमानता से घिरे हैं, तब भी हमें यह समझना होगा कि बोलना ज़रूरी है, चुप्पी तोड़नी ज़रूरी है। विद्रोही साहित्य का अर्थ सिर्फ सत्ता के खिलाफ खड़ा होना नहीं है, यह उस व्यवस्था के खिलाफ खड़ा होना है जो इंसान की आज़ादी, उसकी इज़्ज़त और उसकी ज़िंदगी छीनने की कोशिश करती है। चाहे कबीर की बानी हो, चाहे तुलसी की छंदों में छुपा व्यंग्य, चाहे फैज़ की नज़्में हों या फिर गोरख पांडेय की कविताएं, सभी ने अपने समय में इस चुप्पी को तोड़ने की कोशिश की। उन्होंने सवाल उठाए, जो लोग डर से सवाल नहीं पूछ पा रहे थे, उनके लिए उन्होंने सवाल पूछे। विद्रोही साहित्य इंसान के भीतर मौजूद उस आग की तरह है, जो उसे झूठ और अन्याय को स्वीकार करने से रोकती है। आज के दौर में भी जब सत्ता का भय, धर्म और जाति के नाम पर बंटवारा और आर्थिक असमानता गहराई से जड़ें जमा रही है, तब इस विद्रोही साहित्य की ज़रूरत और भी बढ़ जाती है। बहुत से लोग कहते हैं कि यह समय चुप रहने का है, कि बोलने से मुश्किलें बढ़ जाएंगी। लेकिन सच यह है कि चुप्पी सबसे बड़ा अपराध है, क्योंकि चुप्पी अन्याय को मजबूत करती है। बोलना ज़रूरी है क्योंकि चुप्पी अपराधी और शोषक को ताकत देती है। अगर हम चुप रहे तो वह दिन दूर नहीं जब इंसान की आज़ादी सिर्फ किताबों में बची रहेगी। विद्रोही साहित्य हमें यह एहसास कराता है कि इंसान होने का मतलब है सवाल करना। यह हमें अपने भीतर की इंसानियत से जोड़ता है। जब भी हम किसी शायर की नज़्म, किसी कवि की कविता या किसी लेखक की कहानी पढ़ते हैं, जिसमें उसने अपनी पीड़ा, क्रोध और विद्रोह को दर्ज किया होता है, तो हमें अपनी मजबूरी और डर से लड़ने की हिम्मत मिलती है। हमें यह महसूस होता है कि हम अकेले नहीं हैं। यह साहित्य हमें यह यकीन दिलाता है कि अगर अन्याय है, तो उसके खिलाफ खड़े होने वाले लोग भी हैं, और हमें भी खड़ा होना होगा। कई बार लोग कहते हैं कि साहित्य से क्या बदल जाएगा, यह सिर्फ किताबों तक सीमित है। लेकिन हकीकत यह है कि बदलाव की शुरुआत हमेशा विचारों से होती है, और विचारों को सबसे ताकतवर तरीके से साहित्य ही व्यक्त कर पाता है। यही कारण है कि सत्ता हमेशा विद्रोही साहित्य से डरती है। वह चाहती है कि लोग चुप रहें, सवाल न करें, किताबें न पढ़ें। इसलिए किताबें जलाई जाती हैं

क्रिप्टो व डिजिटल करेंसी नियमन की दिशा में ठोस कदम जरूरी, भारत के लिए भी हितकारी हो सकता है अमेरिका जैसा जीनियस एक्ट?

पिछले दशक में क्रिप्टोकरेंसी ने वैश्विक आर्थिक चर्चाओं में महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। बिटकॉइन, एथेरियम, टेथर जैसी डिजिटल मुद्राएँ अब केवल तकनीकी दुनिया की जिज्ञासा नहीं रहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, निवेश और मुद्रा बाजारों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। परंतु इनका अस्थिर स्वभाव, साइबर अपराध में उपयोग, और अनियमितता का खतरा भी उतना ही बड़ा है। ऐसे में नियमन की आवश्यकता और सख्त होती जा रही है। अमेरिका ने हाल ही में "जीनियस एक्ट" (Guarding Against Illicit and Non-transparent Sources of Cryptocurrency Act - GENIUS Act) की दिशा में जो कदम उठाए हैं, वे वैश्विक दृष्टि से क्रिप्टो नियमन के लिए एक दिशा-निर्देशक बन सकते हैं। भारत के लिए भी यह मॉडल कई मायनों में हितकारी साबित हो सकता है।

क्रिप्टोकरेंसी: विकास, विस्तार और विवाद

क्रिप्टोकरेंसी ने सीमाओं और सरकारी नियंत्रणों को चुनौती देते हुए स्वतंत्र वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया। ब्लॉकचेन आधारित यह तकनीक पारदर्शिता, सुरक्षित ट्रांजेक्शन और त्वरित भुगतान की सुविधा देती है। परंतु इसके साथ ही वित्तीय धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकी फंडिंग और टैक्स चोरी जैसी गतिविधियों में इसका उपयोग बढ़ा है। भारत में भी करोड़ों की क्रिप्टो धोखाधड़ी के कई मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे में क्रिप्टोकरेंसी का नियमन केवल विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता बन चुकी है।

वैश्विक परिदृश्य में नियमन की दिशा

1 अमेरिका:

जीनियस एक्ट के माध्यम से अमेरिका ने मनी लॉन्ड्रिंग और गैर-कानूनी गतिविधियों पर रोक के लिए क्रिप्टोकरेंसी के लेनदेन की निगरानी की प्रणाली बनाने की शुरुआत की है। इसके तहत सभी एक्सचेंज, वॉलेट प्रोवाइडर और क्रिप्टो कंपनियों को KYC और AML (Anti-Money Laundering) नियमों का पालन अनिवार्य होगा।

2 यूरोप:

यूरोपियन यूनियन ने MiCA (Markets in Crypto-Assets Regulation) लागू कर डिजिटल करेंसी के लिए व्यापक नियामक ढांचा तैयार किया है। इसका उद्देश्य निवेशकों की सुरक्षा और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करना है।

3 चीन:

चीन ने निजी क्रिप्टोकरेंसी पर लगभग पूर्ण प्रतिबंध लगाया और अपनी डिजिटल युआन (CBDC) विकसित कर रहा है।

4 सिंगापुर और दुबई:

सिंगापुर और दुबई ने नियंत्रित लाइसेंसिंग व्यवस्था के तहत क्रिप्टो को अपनाते हुए वैश्विक क्रिप्टो हब बनने की दिशा में कार्य किया है।

भारत में क्रिप्टो की स्थिति और चुनौतियाँ

भारत में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर स्थिति जटिल रही है। आरबीआई ने 2018 में बैंकों को क्रिप्टो से जुड़े लेनदेन पर रोक लगा दी थी जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में हटा दिया। इसके बाद क्रिप्टो ट्रेडिंग में तेज़ी आई और 2021 तक भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा क्रिप्टो मार्केट बन गया।

प्रमुख चुनौतियाँ: नियमों की अस्पष्टता: अभी तक भारत में क्रिप्टो के लिए कोई स्पष्ट कानून नहीं है। कराधान की जटिलता: 30% कर और 1% TDS ने ट्रेडिंग को प्रभावित किया लेकिन नियमन नहीं किया। फ्रॉड और स्कैम: लाखों निवेशकों के साथ क्रिप्टो फ्रॉड के मामले बढ़े। वित्तीय अस्थिरता का खतरा।

राष्ट्रीय सुरक्षा को चुनौती।

जीनियस एक्ट: अमेरिका का ठोस कदम

GENIUS Act का उद्देश्य है: क्रिप्टो में अवैध गतिविधियों की रोकथाम। AML और KYC मानकों को सख्ती से लागू करना।क्रिप्टो एक्सचेंज पर निगरानी। ट्रांजेक्शन डेटा रिकॉर्ड और ट्रैकिंग। पारदर्शिता बढ़ाना और निवेशक सुरक्षा सुनिश्चित करना।

विशेषताएँ:

AML/KYC अनिवार्यता

गैर-पंजीकृत एक्सचेंज पर सख्त कार्रवाई

रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क

फेडरल रेगुलेटरी गाइडलाइंस

इनोवेशन को रोकने के बजाय सुरक्षित बनाना। इस एक्ट का मकसद क्रिप्टो सेक्टर को समाप्त करना नहीं बल्कि सुरक्षित और नियंत्रित बनाना है ताकि फिनटेक इनोवेशन भी रुके नहीं और अवैध गतिविधियाँ भी न हों।

क्यों भारत के लिए हितकारी हो सकता है अमेरिका जैसा जीनियस एक्ट? भारत में क्रिप्टो पर प्रतिबंध लगाना व्यवहारिक विकल्प नहीं है क्योंकि: क्रिप्टो मार्केट में 2 करोड़ से अधिक भारतीय जुड़े हुए हैं। ब्लॉकचेन स्टार्टअप और फिनटेक इनोवेशन भारत में तेज़ी से बढ़ रहे हैं। युवा निवेशकों का रुझान बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ट्रांसफर में इसका उपयोग संभावनाओं को बढ़ाता है। ऐसे में भारत को अमेरिका की तर्ज पर निम्न कदम उठाने चाहिए:

1 स्पष्ट नियामक ढांचा: KYC/AML अनिवार्यता, क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए लाइसेंस प्रणाली।

2 ट्रांजेक्शन मॉनिटरिंग सिस्टम: suspicious transaction reports की व्यवस्था।

3 निवेशक संरक्षण: धोखाधड़ी के मामलों में फास्ट ट्रैक न्यायिक प्रक्रिया।

4 इनोवेशन को प्रोत्साहन: ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के विकास में रुकावट न आए।

5 सार्वजनिक जागरूकता: क्रिप्टो निवेश में जोखिम और धोखाधड़ी से बचाव हेतु शिक्षा।

6 CBDC का समानांतर विकास: RBI की डिजिटल रुपये योजना को क्रिप्टो के साथ संतुलन में चलाना।

अवसर: भारत के लिए संभावनाओं का खजाना

फिनटेक लीडर बनने का अवसर। ब्लॉकचेन आधारित सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और दक्षता। ग्लोबल क्रिप्टो निवेश आकर्षित करना। रोजगार और स्टार्टअप ईकोसिस्टम को बढ़ावा। यदि भारत अमेरिका की तर्ज पर GENIUS ACT जैसे कानून के तहत क्रिप्टोकरेंसी को नियंत्रित करता है तो यह वित्तीय क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है।

समापन: नियमन ही भविष्य की कुंजी

क्रिप्टोकरेंसी अनियंत्रित शक्ति की तरह है, जो यदि दिशा और नियमों में बंध जाए तो अर्थव्यवस्था का सशक्त साधन बन सकती है। प्रतिबंध लगाने की बजाए ठोस नियमन, तकनीकी आधार और वैश्विक अनुभवों का लाभ उठाकर भारत क्रिप्टो और ब्लॉकचेन के क्षेत्र में वैश्विक लीडर बन सकता है। अमेरिका का जीनियस एक्ट भारत को यह सबक देता है कि नियमन को तकनीकी विकास में बाधा नहीं बनाना चाहिए बल्कि उसे सुरक्षित, पारदर्शी और उपयोगी बनाना चाहिए। भारत के लिए यह रास्ता लाभकारी भी होगा और अर्थव्यवस्था में डिजिटल क्रांति का नया अध्याय भी लिखेगा।

क्रिप्टोकरेंसी ने वैश्विक वित्त में तेजी से जगह बनाई है, लेकिन इसके अस्थिर स्वभाव और साइबर अपराध में उपयोग ने नियमन की आवश्यकता को अनिवार्य बना दिया है। अमेरिका का जीनियस एक्ट (GENIUS Act) क्रिप्टो लेनदेन में मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाते हुए पारदर्शिता और निवेशक सुरक्षा सुनिश्चित करता है। यह कानून KYC/AML पालन, निगरानी और रिपोर्टिंग के कड़े प्रावधानों के साथ क्रिप्टो क्षेत्र को खत्म करने की जगह सुरक्षित बनाता है। भारत में भी 2 करोड़ से अधिक लोग क्रिप्टो से जुड़े हैं और तेजी से ब्लॉकचेन स्टार्टअप्स और फिनटेक इनोवेशन बढ़ रहे हैं। ऐसे में प्रतिबंध लगाना व्यावहारिक नहीं है। भारत को अमेरिका की तर्ज पर स्पष्ट नियम, लाइसेंस प्रणाली, KYC/AML पालन, ट्रांजेक्शन मॉनिटरिंग, धोखाधड़ी मामलों में फास्ट ट्रैक प्रक्रिया और सार्वजनिक जागरूकता पर काम करना चाहिए। इसके साथ-साथ, CBDC (डिजिटल रुपया) के विकास को क्रिप्टो के साथ संतुलन में लाना फायदेमंद होगा। ठोस नियमन भारत को फिनटेक लीडर बनाने, ग्लोबल क्रिप्टो निवेश आकर्षित करने, ब्लॉकचेन पारदर्शिता बढ़ाने और रोजगार सृजन में मदद करेगा। अमेरिका का जीनियस एक्ट भारत को यह सीख देता है कि तकनीकी विकास में बाधा डालने की जगह क्रिप्टो को सुरक्षित व पारदर्शी बनाकर अर्थव्यवस्था में डिजिटल क्रांति लाई जा सकती है। इस दिशा में ठोस कदम ही भारत के लिए हितकारी साबित होंगे।

सुप्रीम चेतावनी

क्षमा शर्मा

स्त्री-पुरुष संबंधों को बराबरी की दृष्टि से देखने की जरूरत

हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि शादी में रहते हुए किसी और से सम्बध बनाने के मामले में स्त्री भी अपराधी होती है। न्यायालय ने महिला को चेतावनी भी दी कि उसके खिलाफ भी कार्यवाही की जा सकती है क्योंकि उसने पति के रहते हुए भी किसी और से शारीरिक सम्बंध बनाए। मामला यह था कि एक विवाहित स्त्री ने एक व्यक्ति पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। उसके वकील का कहना था कि उक्त व्यक्ति ने उस महिला से शादी का झूठा वादा करके लम्बे अरसे तक शारीरिक सम्बंध बनाए। इसलिए उस आदमी की एंटीसिपेटरी बेल खारिज की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने महिला को डांटते हुए कहा कि आपको याद रखना चाहिए कि आप एक शादीशुदा महिला हैं। आप वयस्क भी हैं । आपके दो बच्चे हैं। ऐसे में पति के होते हुए भी इस तरह के व्यवहार का क्या परिणाम होता है, अच्छी तरह से जानती ही होंगी। आप उस व्यक्ति के बुलावे पर बार-बार होटल में गई ही क्यों। यह महिला 2016 में उस आदमी से सोशल मीडिया के जरिए मिली थी। तब से दोनों में सम्बंध थे। महिला ने अपने पति से तलाक मांगा। उसका कहना था कि इसके लिए उसके पुरुष मित्र ने ही दवाब बनाया था। इस वर्ष मार्च में परिवार अदालत में तलाक हो गया। इसके बाद जब महिला ने अपने पुरुष मित्र से विवाह के बारे में कहा, तो उसने मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर बिहार में इस व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा कर दिया। पटना हाईकोर्ट ने उस व्यक्ति को एंटीसिपेटरी बेल दी थी। महिला इसी को खारिज कराने के लिए उच्चतम न्यायालय तक आई थी। मगर उच्चतम न्यायालय ने भी उसकी प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया। महिला को डांटा भी। अरसे से अदालतें कह रही हैं कि दो वयस्कों के बीच शारीरिक सम्बंध दुष्कर्म नहीं होता है। बहुत बार देखा गया है कि जोड़े लिव इन में रहते हैं। बात नहीं बनी तो स्त्रियां दुष्कर्म का केस कर देती हैं। देखने की बात यह है कि जिन महिलाओं , बच्चियों को दुष्कर्म जैसे भयानक अपराध से गुजरना पड़ता है, उनमें से बहुत कम न्यायालय तक पहुंच पाती हैं। क्योंकि अपने देश में न्यायिक प्रक्रिया बहुत समय लेती है। कई साल पहले दुष्कर्म की शिकार एक चौदह साल की बच्ची ने एक बच्चे को जन्म दिया था। फिर कुछ दिनों बाद वह उस अपराधी के साथ ही रहने चली गई थी। उसने कहा था कि मेरे माता-पिता गरीब हैं। कब तक पुलिस और अदालतों के चक्कर काटूं। ऐसे में खुद को और अपने बच्चे को भूखा कैसे मरने दूं। कम से कम वह आदमी मुझे और मेरे बच्चे को रोटी तो देगा। निर्भया मामले में पूरे देश में उबाल आ गया था। प्रदर्शन और धरनों से देश हिल उठा। कठोर दुष्कर्म कानून की मांग हुई थी। नया कानून बना भी था, लेकिन कठोर कानून के बावजूद दुष्कर्म रुक नहीं सके। एनसीआरबी के अनुसार 2021 में पूरे देश में 31677 रेप केस दर्ज किए गए थे। इनमें से अधिकांश अपराध उन लोगों द्वारा किए गए थे, जो महिलाओं के परिचित या रिश्तेदार थे। तो क्या ये माना जाए कि इस तरह के कानूनों की जरूरत ही नहीं। यदि अपराध हैं, तो उनसे निपटने के लिए कानून भी होने चाहिए। इसके अलावा कानून तक हर एक की पहुंच होनी चाहिए, जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके। कानूनी प्रक्रिया भी लम्बी नहीं होनी चाहिए साथ ही इसके लिए उन महिलाओं के लिए संसाधन जुटाने की जरूरत भी है, जो आर्थिक कारणों से इन तक नहीं पहुंच पातीं। यह बात भी सच है कि एक तरफ तो सताई गई स्त्रियां, किसी न किसी कारणवश कानून तक नहीं पहुंच पातीं, तो दूसरी तरफ साधन-सम्पन्न स्त्रियां बहुत बार कठोर कानूनों का दुरुपयोग करती हैं। ऐसी खबरें बार-बार आती हैं। जांच एजेंसियां भी कहती हैं कि बहुत से दुष्कर्म के मामले झूठे होते हैं। कई बार वे बदला लेने के लिए भी लगाए जाते हैं। जो कानून स्त्रियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं, यदि उनका दुरुपयोग होगा तो निश्चय ही कानूनों में लोगों का भरोसा कम होगा। जिसने कोई अपराध नहीं किया है, यदि उसे अपराधी बनाया जाए, तो फिर कानून की विश्वसनीयता भी कम होती है। आज के समय में जब बड़ी संख्या में युवक-युवतियां घर से बाहर निकलते हैं, साथ काम करते हैं, उनमें मैत्री भी होती ही है। सम्बंध भी बनते हैं। बहुत से लिव इन में भी रहने लगते हैं। जब सम्बंधों में दरार आने लगती है, लड़के वादे से मुकर जाते हैं, या किसी और सम्बंध में चले जाते हैं, तब लड़कियां गुस्से में दुष्कर्म का मामला दर्ज करा देती हैं। इन दिनों शादीशुदा स्त्रियां भी दूसरे सम्बंधों में आ जाती हैं। कोई कह सकता है कि यदि पुरुष विवाहित होते हुए, दूसरी स्त्रियों से सम्बंध रखते हैं, तो स्त्रियां ऐसा क्यों नहीं कर सकतीं। सवाल यही है कि क्या स्त्रियां पुरुषों के इस व्यवहार को उचित मानती हैं। नहीं न, तो स्त्रियों का ऐसा व्यवहार भी उचित कैसे माना जा सकता है।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है

संकलित

दर्शन

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है

संकलित

प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

सटाका

आज की पाती

नकली बाबाओं के कृत्यों को छानना होगा

सभी धार्मिक संगठनों की पहल तो मृदु वचनों से ही होती है, जिनमें से कुछ तो पहले अज्ञानी लोगों को अपने ज्ञान-जाल में ऐसा फंसाते हैं, जहां से निकलने के सभी रास्ते बंद हो जाते हैं। बहुत कुछ खोने के बाद जब उन्हें होश आता है, तो बहुत देर हो चुकी होती है। बाबाओं के मकडज़ाल से भोले-भाले लोगों को बचाना सरकार व सामाजिक कार्यकर्ताओं का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। उनके प्रवचनों में न जाकर उनकी पृष्ठभूमि की जांच करना जनहित में होगा। लोगों को चालाक और चालबाज बाबाओं से सचेत रहते की जरूरत है। देशभर में कई ऐसे बाबा हैं, जिनके चेहरों से नकाब उतर चुका है। मीडिया को भी लोगों को जागरूक करना चाहिए।

- गिरीश नायक, बागबहरा

ट्रेंड

हवाईअड्डे का विकास

केन्द्रीय कैबिनेट ने आज 1507 करोड़ की लागत से कोटा-बूंदी (राजस्थान) में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विकास को मंजूरी दी। इस महत्वपूर्ण निर्णय से कोटा सहित आसपास के क्षेत्र में उद्योग, व्यापार, शिक्षा व रोजगार को भी बढ़ावा मिलने वाला है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

विनम्र श्रद्धांजलि

हिंदी साहित्य के युगप्रवर्तक रचनाकार, 'पद्म भूषण' हजारी प्रसाद द्विवेदी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि ! ज्ञान, गहराई और गरिमा से सिंचित आपकी रचनाएं भारतीय सांस्कृतिक चेतना की अमिट अभिव्यक्ति हैं। आपका चिंतन, आपकी शैली हिंदी साहित्य की कालजयी विरासत है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

बाढ़ प्रबंधन की तैयारियां

हमारी सरकार हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस वर्ष बाढ़ प्रबंधन की तैयारियाँ छह महीने पहले ही शुरू कर दी गई थीं। ऑन ग्राउंड जाकर वास्तविक स्थिति का जायजा भी ले रहे हैं और त्वरित मदद भी सुनिश्चित कर रहे हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

कानून-व्यवस्था ठप

दिल्ली के स्कूलों को बार-बार धमकियां मिलती हैं लेकिन आज तक न कोई पकड़ा गया है, न कोई कार्रवाई हुई है। बीजेपी से ना तो दिल्ली संभल रही है, ना ही दिल्ली की क़ानून-व्यवस्था।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

करंट अफेयर

द. कोरिया और अमेरिकी सैन्य अभ्यास की किम ने की निंदा

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच जारी सैन्य अभ्यास की निंदा की साथ ही दुश्मनों का मुकाबला करने के लिए देश की परमाणु ताकत को तेजी से बढ़ाने का संकल्प लिया। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। किम ने यह बात परमाणु-सक्षम प्रणालियों से लैस सबसे उन्नत युद्धपोत का निरीक्षण करने के दौरान कही। किम जोंग उन ने सोमवार को ठीक उस समय पश्चिमी बंदरगाह नम्पो का दौरा किया जब दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने अपना वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास 'उल्ची फ्रीडम शील्ड' शुरू किया। दोनों देशों का यह अभ्यास परमाणु-हथियार संपन्न उत्तर कोरिया से उत्पन्न खतरों का बेहतर ढंग से मुकाबला करने की तैयारियों का हिस्सा है। यह 11 दिवसीय अभ्यास साल में दो बार होने वाले बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास में से दूसरा है। इसमें 21,000 सैनिक शामिल हैं, जिनमें 18,000 दक्षिण कोरियाई हैं और इसमें कंप्यूटर-आधारित कमांड पोस्ट संचालन तथा मैदानी प्रशिक्षण शामिल हैं। दक्षिण कोरिया और अमेरिका का कहना है कि यह अभ्यास रक्षात्मक है, लेकिन उत्तर कोरिया लंबे समय से इन्हें हमले की तैयारी बताता आया है और अक्सर ऐसे मौकों पर हथियार परीक्षण करता है।

ऑफ बीट

बिना जरूरत न लें एंटीबायोटिक दवा

एंटीबायोटिक प्रतिरोध तब पैदा होता है जब एक सूक्ष्मजीव बदल जाता है और उस एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिक्रिया नहीं करता है, जो पहले प्रभावी थी। इससे दवा का असर नहीं होने के कारण बीमारी बढ़ने, मृत्यु की अधिक आशंका और स्वास्थ्य देखभाल पर अधिक खर्च होता है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध को लेकर यह स्थिति है कि कुछ रोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया जाता है क्योंकि मौखिक एंटीबायोटिक्स अब प्रभावी नहीं हैं और उन्हें ड्रिप के माध्यम से अंत :शिरा चिकित्सा प्रदान करने की आवश्यकता होती है। दुनिया के कुछ हिस्सों में एंटीबायोटिक प्रतिरोध उच्च स्तर तक बढ़ रहा है। कुछ अस्पतालों को इस बात पर विचार करना होगा कि क्या एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी संक्रमणों के जोखिम के कारण कैंसर का इलाज करना या सर्जरी करना व्यवहार्य है। ऑस्ट्रेलिया विकसित दुनिया में एंटीबायोटिक दवाओं के सबसे अधिक उपयोगकर्ताओं में से एक है। हमें इस बहुमूल्य संसाधन का बुद्धिमानी से उपयोग करने की आवश्यकता है, अन्यथा हम भविष्य को खतरे में डाल देंगे जहां एक साधारण संक्रमण आपको मार सकता है क्योंकि कोई एंटीबायोटिक असर नहीं करेगी।

Royal patrika

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की प्रदेश के सांसदों के साथ मुलाकात

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रदेश के सांसदों से मुलाकात कर उनसे केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं को गति प्रदान करने और राज्य के सर्वांगीण विकास के संबंध में विस्तृत चर्चा की। बीकानेर हाउस में आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सांसदों से राज्यहित के मुद्दों पर संसद में तत्परता से चर्चा करने तथा विभिन्न मंत्रालयों में प्रदेश की स्वीकृतियों और फंडिंग के विषयों पर कार्य करने के लिए आग्रह किया। शर्मा ने पीएम सड़क योजना आदि को तेजी से लागू करने के लिए सांसदों का सहयोग भी मांगा। साथ ही, प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश का वातावरण बनाने के लिए केन्द्र सरकार के साथ ज्यादा तत्परता के साथ कार्य करने के लिए अनुरोध किया। बैठक में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, भूपेन्द्र यादव, भागीरथ चौधरी, राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, चुन्नीलाल गरासिया, घनश्याम तिवाड़ी, राजेन्द्र गहलोत, लोकसभा सांसद दामोदर अग्रवाल, सी.पी.जोशी, दुष्यंत सिंह, लुंबाराम चौधरी, श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़, श्रीमती मंजू शर्मा, मन्नालाल रावत, पी.पी.चौधरी, राव राजेन्द्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

667 नए आवासों से खुले बेहतर जीवन के द्वार- नगरीय विकास मंत्री

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान आवासन मण्डल की बहुप्रतीक्षित आवासीय योजनाओं का बुधवार को आवास भवन जयपुर में भव्य शुभारम्भ किया गया। नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने इन योजनाओं की शुरुआत करते हुए कहा कि यह केवल निर्माण नहीं, बल्कि प्रदेशवासियों को सुरक्षित और सुविधायुक्त जीवन की ओर ले जाने वाला कदम है।

खर्रा ने बताया कि इन 5 विशिष्ट पंजीकरण योजनाओं के तहत कुल 667 आवास/फ्लैट्स बनाए जाएंगे, जो उदयपुर, बारां, बूंदी, धौलपुर और बाड़मेर जैसे जिलों में आमजन को एक बेहतर आवासीय विकल्प देंगे।

मुख्य योजनाएं इस प्रकार हैं-

बूंदी जिले की नैनवा आवासीय योजना, पॉकेट-A एवं पॉकेट-B में विभिन्न आय वर्ग के लिए 72 स्वतंत्र आवास, लागत 7 लाख 80 हजार से प्रारम्भ।

बारां जिले की अटरू आवासीय योजना में विभिन्न आय वर्ग के लिए 189 स्वतंत्र आवास, लागत 7 लाख 60 हजार से प्रारंभ।

बाड़मेर जिले की लंगेरा आवासीय योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी आय वर्ग के लिए 200 स्वतंत्र आवास, लागत 8 लाख 61 हजार से प्रारंभ।

धौलपुर जिले की बाड़ी रोड योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी (जी+3) आय वर्ग के लिए 64 फ्लैट्स, लागत 12 लाख 45 हजार से प्रारम्भ।

उदयपुर जिले की पानेरिया की मादड़ी में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी (जी+3) आय वर्ग के लिए 142 फ्लैट्स, लागत 11 लाख 68 हजार से प्रारम्भ।

इस अवसर पर मंत्री खर्रा ने कहा कि राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार हर वर्ग को आवास उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा की राज्य सरकार सिर्फ मकान नहीं दे रही, बल्कि एक सम्मानजनक जीवन का माध्यम दे रही है।

उन्होंने बताया कि सभी योजनाएं समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से विकसित की जाएंगी, ताकि लाभार्थियों को आधुनिक जीवन की समस्त सुविधाएं मिल सकें।

इस कार्यक्रम में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने भी शिरकत की गोदारा ने कहा की राजस्थान आवासन मण्डल आमजन के आवास के सपने को साकार करने के लिए आज भी पहली पसंद है। उन्होंने मण्डल की योजनाओं की मुक्त कंठ से सराहना की ।

उल्लेखनीय है कि मई माह में ही मण्डल ने 427 आवासों की 5 आवासीय योजना जयपुर, बारां, बूंदी और धौलपुर में शुरू की थी। शुभारम्भ समारोह में आवासन मण्डल के अध्यक्ष देबाशीष पृष्टि, आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा, सचिव डॉ. अनिल पालीवाल, मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल, टीएस मीना, प्रतीक श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, आम नागरिक व मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे आमजन के आवास के सपने को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम बताया।

नगर निगम ग्रेटर द्वारा मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना का शिविर आयोजित

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पात्र आवेदकों के लिये शिविर आयोजित किया जा रहा है। योजना के प्रति आमजन में खासा उत्साह है। शिविर में आमजन आकर योजना की जानकारी ले रहे हैं तथा पात्र आवेदकों द्वारा आवेदन किया जा रहा है। बुधवार को 200 से अधिक पात्र आवेदकों द्वारा आवेदन किया गया।

इस योजना का उद्देश्य नगर निगम ग्रेटर जयपुर क्षेत्र के जरूरतमन्द एवं असहाय परिवारों से सम्बद्ध असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जैसे - भवन और निर्माण श्रमिक, हस्तशिल्प श्रमिक, गिग श्रमिक, परिवहन श्रमिक, देखभाल श्रमिक, सफाई श्रमिक, घरेलू श्रमिक को आर्थिक संबल प्रदान कर उनका उत्थान करना है, जिससे वह वित्तीय सहायता सुगमता पूर्वक प्राप्त कर वह अपने कार्यों में वृद्धि कर, जीवन स्तर में सुधार ला सकेंगे।

आयुक्त डॉ॰ गौरव सैनी ने बताया कि शिविर में मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत जरूरतमंद एवं असहाय परिवारों से संबंधित असंगठित सेवा क्षेत्र के श्रमिक जैसे - गिग वर्कर (डिलेवरी एजेन्ट, जैसे स्विगी, जोमेटो/कुरियर डिलेवरी, प्लेटफार्म के माध्यम से पर्सनल हैल्थ व वैलनेस सेवायें देने वाले व्यक्ति, राइड शेयरिंग जैसे रैपीडो, उबर), ट्रान्सपोर्ट वर्कर (रिक्शा/ई रिक्शा चालक, ऑटो चालक, ठेला खींचने वाले), डोमेस्टिक वर्कर (चौकीदार, रसोईया, माली, सफाई कर्मी, ड्राइवर, पालतू पशु देखभाल कर्मी, धोबी), भवन निर्माण श्रमिक (इलेक्ट्रीशियन, बढ़ई, प्लम्बर, राजमिस्त्री, कुली मजदूर, साइट क्लीनर, वेल्डर, लोहार, पेन्टर), हॉकर्स, वेस्ट वर्कर (कबाड़ बीनने वाला, सफाई कर्मी, कबाड़ी वाला), दस्तकार, हस्तशिल्प श्रमिक व अल्प आयवर्ग के 18 से 60 वर्ष की आयु के राजस्थान के मूल निवासी पात्र व्यक्तियों को 80 हजार रूपये तक का ऋण बिना गारंटी के उपलब्ध कराया जायेगा।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आवेदक आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे- स्थानीय शहरी क्षेत्र का जनाधार, बैंक पासबुक, आधार से लिंक मोबाइल नं., व्यवसाय से संबंधित दस्तावेज लेकर कैम्प में उपस्थित हो सकते हैं। बैंक ऋण पर राज्य सरकार द्वारा 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान देय होगा। योजना के लाभार्थी को तीन चरणों में क्रमशः 10 हजार, 20 हजार एवं 50 हजार रुपये का ऋण दिया जायेगा जिसकी पुनर्भुगतान अवधि क्रमशः 12 माह, 18 माह एवं 36 माह होगी। लाभार्थी को बिना गारण्टी के बैंक से ऋण उपलब्ध होगा तथा ऋण उपलब्ध करवाने के लिए किसी भी तरह का प्रक्रिया शुल्क नहीं होगा।

ऋण के लिए मौके पर ही पात्र व्यक्तियों से आवेदन भरवाये जा रहे हैं तथा योजना की जानकारी दी जा रही है।

स्व. राजीव गांधी की 80 वीं जयंती मनाई

मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। मनोहरपुर में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व.राजीव गांधी जी की 80 वीं जयंती मनाई गई, जिसके अंतर्गत मनोहरपुर नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की एवं उनको याद किया, इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी, मनोहरपुर के अध्यक्ष अलाउद्दीन खान, पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया, ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता राकेश हलकारा, निसार खान, महेश जड़वाल, खेमचंद असवाल, शशिकांत बेनीवाल, रामस्वरूप बेनीवाल, कैलाश धोबी, ताराचंद बेनीवाल, देवीलाल जलुथरिया, जमशेद खान, रविप्रकाश बेनीवाल आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अमानक खाद, बीज व दवाई से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई इन्हें बनाने वाली कंपनियों से हो- डॉ. किरोड़ी लाल

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात कर अमानक खाद, बीज व दवाई के दुष्प्रभाव से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई इन्हें बनाने वाली कंपनियों से करने का कानूनी प्रावधान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि घटिया उत्पाद बनाने पर लाइसेंस निरस्त करने का नियम तो है, लेकिन यह प्रावधान नहीं है कि इनके उपयोग से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई भी कंपनियों से ही हो। अमानक उत्पादकों से किसानों का उत्पादन तो कम होता ही है, जमीन की उर्वरता भी प्रभावित होती है। जब तक किसानों के इस दोहरे नुकसान की भरपाई कंपनियां नहीं करेगी तब तक इस ठगी पर पूरी तरह से लगाम नहीं लगेगी। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों केंद्रीय कृषि मंत्री को पत्र लिखकर अमानक खाद, बीज व पेस्टीसाइड बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ कड़ा कानून बनाने की मांग की थी, जिस पर वे मुहर लगा चुके हैं। किरोड़ी ने इस प्रस्तावित कानून में किसानों को होने वाले नुकसान का मुआवजा घटिया उत्पाद बनाने वाली कंपनियों से वसूलने का प्रावधान जोड़ने की मांग की है। इस तरह की मांग उठाने वाले किरोड़ी किसी भी प्रदेश के पहले कृषि मंत्री हैं। डॉ.किरोड़ी लाल ने बताया कि हाल ही में केंद्रीय कृषि मंत्री के संज्ञान में आया था कि सोयाबीन में नकली दवाई डालने से किसानों की फसल नष्ट हो गई। इसे बनाने वाली कंपनी का लाइसेंस तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया। राजस्थान में भी केंद्रीय कृषि मंत्रालय की अनुशंसा पर इस कंपनी का लाइसेंस रद्द किया गया है। गौरतलब है कि राजस्थान में अमानक उत्पाद बनाकर किसानों को ठगने वाली कंपनियों के खिलाफ 29 मई से अभियान चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

कोटा के मीट व्यापारियों के लाइसेंस जारी नहीं करने के मामले में हाइकोर्ट की सख्ती

-हाइकोर्ट ने संबंधित विभागों को कारण लिखित में दाखिल करने का आदेश दिया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान हाइकोर्ट ने कोटा के मीट व्यापारियों को लाइसेंस जारी नहीं करने के मामले में सख्ती दिखते हुए चार हफ्ते में लिखित मे जवाब मांगा है। ये आदेश कोटा के दस याचिकाकर्ताओ की याचिका पर दिया गया। इन याचिकाकर्ताओ की पैरवी एडवोकेट अन्सार इन्दौरी और अजीत कसवा की। हाइकोर्ट ने संबंधित विभागों में लाइसेंस जारी करने का आवेदन किया था। आवेदन करने के लंबे समय बाद भी विभागों द्वारा इनके आवेदन पर कोई कारवाही नहीं की। जिस कारण ये मीट व्यापारी अपना व्यवसाय नहीं कर पा रहे हैं। गौरतलब है कोटा नगर निगम ने आनन फानन में तीन महीने पहले मीट व्यापारियों को नोटिस देकर उचित लाइसेंस नहीं होने पर व्यवसाय बंद करने का निर्देश दिया था। साथ ही कई दुकानों को सील कर दिया था। पीड़ित दुकानदारों में से 25 याचिकाकर्ता ने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जिस पर हाईकोर्ट ने व्यवसायियों पर कठोर कारवाही नहीं करने और लाइसेंस जारी करने का आदेश दिया था। इस आदेश की पालना में मीट व्यापारियों ने लाइसेंस के लिए आवेदन दिये। इस पर कोई कारवाही नहीं होती देख 10 याचिकाकर्ता ने दुबारा हाइकोर्ट में रिट दाखिल की, इस पर राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर पीठ ने सुनवाई की और न्यायमूर्ति अनूप ढंढ ने सख्ती दिखते हुए सभी संबंधित विभागों से लाइसेंस जारी नहीं करने के सम्बन्ध में लिखित में एक महीने के अंदर जवाब मांगा। साथ ही हाइकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को विभागों के ऊपर उच्च न्यायालय के आदेश नहीं मानने के लिए अवमानना याचिका दाखिल करने की स्वतंत्रता भी दी है। इस मामले में हाईकोर्ट में एडवोकेट अजीत कसवा व एडवोकेट अंसार इंदौरी ने प्रभावशाली और दमदार पैरवी करते हुए मीट व्यापारियों के संवैधानिक अधिकारों और व्यापार करने की स्वतंत्रता का जोरदार तरीके से पक्ष रखा। यह आदेश व्यापार की स्वतंत्रता और व्यापारिक हक़ों की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का प्रदेश दौरा

-अपराधों में कमी लाने के लिए सामाजिक सहयोग जरूरी

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने कहा कि अपराधों में कमी लाने और समाज में समरसता लाने के लिए सामाजिक सहयोग ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक कार्य करने वाली संस्थाओं, साधु-संतों और सामाजिक रूप से प्रभावशाली लोगों के सहयोग से बढ़ते अपराधों में कमी लाई जा सकती है।

मकवाना ने बुधवार को शासन सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक के दूसरे दिन यह बात कही। इस दौरान सदस्यगण वड्डेपल्ली रामचंदर एवं लवकुश कुमार साथ रहे। आयोग ने अनुसूचित जाति वर्ग के एट्रोसिटी एक्ट (अत्याचार निवारण नियम) के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में पिछले डेढ़ वर्ष में अनुसूचित जाति वर्ग के अपराधों में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा अपराध मुक्त राजस्थान बनाना है। हालांकि अभी और सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आयोग से प्राप्त सुझावों पर अमल कर आमजन के विश्वास को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

आयोग की पुलिस महानिदेशक श्रीमती सनमीत कौर ने पुलिस अधिकारियों से अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े दर्ज अपराध, चालान, चार्जशीट, प्रकरण निस्तारण, वर्ग को दी जाने वाली सहायता राशि आदि के बारे में पुलिस अधिकारियों से जानकारी ली और सुधारात्मक सुझाव भी दिए।

पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने आयोग को बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के केसेज में लगातार कमी आ रही है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में पुलिस दर्ज होने वाले केसों का सूक्ष्म रूप से विश्लेषण करेगी, गंभीर प्रकरणों को केस ऑफिसर स्कीम में शामिल करेगी और घोड़ी पर न चढ़ने जैसी कुरीतियों तथा उनकी मानसिकता में परिवर्तन लाने के लिए जागरूकता लाने के प्रयास करेगी। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के लिए तुरंत राहत और शिकायत दर्ज करवाने के लिए 18001806025 हेल्पलाइन भी 24 घंटे प्रभावी रूप से संचालित की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (मानवाधिकार) श्रीमती मालिनी अग्रवाल ने पुलिस द्वारा किए गए कार्यों को पीपीटी प्रस्तुतीकरण के जरिए बताया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 के मुकाबले 2024-25 में हत्या, बलात्कार व अन्य अपराधों के आंकड़ों में कमी आई है। उन्होंने बताया कि एट्रोसिटी के मामले जहां 2023 में 8212 दर्ज हुए थे वहीं 2024 में इनकी संख्या 7007 रह गई। 2025 में अभी तक 3651 मामले दर्ज हुए हैं।

बालिका छात्रावास का किया निरीक्षण, साथ में भोजन भी किया, छात्राओं ने बोला 'थैंक यू सर'

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष किशोर मकवाना, सदस्यगण वड्डेपल्ली रामचंदर एवं लवकुश कुमार ने जामडोली कैंपस स्थित अनुसूचित जाति वर्ग की बालिकाओं के लिए संचालित छात्रावासों का निरीक्षण किया।

आयोग के सदस्यों ने कैंपस में वृक्षारोपण किया और बालिकाओं के साथ मेस में भोजन करते हुए अनौपचारिक रूप से संवाद भी किया। बालिकाओं में आयोग से आए अतिथियों को लेकर खासा उत्साह देखा गया। आयोग को विदा करते समय बालिकाएं 'थैंक यू सर' कहकर आभार जताती नजर आईं।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर पुष्पांजलि की गई

मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। सब्जी मंडी परिसर में ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आधुनिक भारत के शिल्पकार संचार क्रांति के जनक देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर पुष्पांजलि की गई इस दौरान नगर अध्यक्ष मुकेश खुडानिया, महामंत्री रामेश्वर गोरेठा निहाल, पलसानिया NUSI जिला अध्यक्ष कालू डाबर, शाहरुख खान, शीशराम गुर्जर, मुकेश सैनी, जयराम जाट, कैलाश सैनी, मुकेश माचिवाल, मुरलीधर यादव लोग मौजूद रहे।

गांधी की सोच और योगदान देश के दिलों में सदैव जीवित रहेंगे - पठान

मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक) में ब्यावर जिले के सह प्रभारी नदीम खान पठान ने कहा कि 'भारत रत्न' स्व. राजीव गांधी प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में उन्होंने दूरदर्शी सोच और प्रगतिशील विचारों के माध्यम से देश को आधुनिक दृष्टि दी और भारत को 21वीं सदी की सोच से जोड़ा।

यह शब्द पठान ने गांधी की जयंती पर कहे-

पठान ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी गहरी आस्था और सशक्तिकरण की भावना को साकार करते हुए उन्होंने पंचायती राज को मज़बूत किया तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण का सक्रिय भागीदार बनाया। आने वाली पीढ़ियों के लिए उन्होंने प्रगति के नए मार्ग खोले और आज के भारत में भी उनके विचारों व कार्यों की अमिट छाप स्पष्ट दिखाई देती है। उनकी सोच और योगदान देश के दिलों में सदैव जीवित रहेंगे।

राजस्थान में "गिव अप अभियान" की ऐतिहासिक सफलता

- 27 लाख सक्षम लाभार्थियों ने स्वेच्छा से छोड़ी खाद्य सब्सिडी

- सक्षम लोगों का त्याग बन रहा गरीबों का निवाला

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट दिशा निर्देश हैं कि अंतिम पक्ति में खडे लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाए ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में असल हकदारों को एनएफएसए में स्थान देने हेतु विभाग द्वारा गिव अप अभियान गत वर्ष 1 नवम्बर को शुरू किया गया। इस अभियान का उद्देश्य सक्षम लोगों को स्वेच्छा से खाद्य सब्सिडी त्यागने हेतु प्रेरित करना है ताकि गरीबों को खाद्य सुरक्षा का लाभ मिल सके। गिव अप अभियान के तहत प्रदेश भर में अब तक 27 लाख से अधिक सक्षम लाभार्थियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ी है। उन्होंने कहा कि गिव अप अभियान की ऐतिहासिक सफलता के कारण पात्र वंचित खाद्य सुरक्षा से जुड़ पा रहे है। गिव अप अभियान के तहत स्वेच्छा से खाद्य सब्सिडी त्यागने एवं ईकेवाईसी न करवाने के कारण एनएफएसए में बनी रिक्तयों से 56 लाख 62 हजार 268 पात्र वंचितों को विभाग खाद्य सुरक्षा से जोड़ पाया है। उन्होंने कहा कि सक्षम लोगों का त्याग गरीबों के मुंह का निवाला बन रहा है। इस अभियान के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सूची में नई रिक्तियाँ बनने से सूची में जुड़े पात्र परिवारों को न केवल पोषण युक्त अन्न उपलब्ध कराया जा रहा है बल्कि उन्हें 25 लाख रूपये तक का निःशुल्क इलाज, 10 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा एवं 450 रूपये में प्रतिवर्ष 12 घरेलू सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गोदारा ने बताया कि गिव अप अभियान में व्यापक जनभागीदारी को देखते हुए इसकी अवधि 31 अगस्त 2025 तक बढ़ा दी गई है। मुख्यमंत्री महोदय एवं खाद्य मंत्री महोदय के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अंतर्गत जुड़े ऐसे परिवार जिनमें- कोई सदस्य आयकर दाता हो, कोई सदस्य सरकारी / अर्द्धसरकारी / स्वायत्तशासी संस्था में कर्मचारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रैक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर), निष्कासन सूची में शामिल है। गिव अप अभियान के तहत जयपुर जिले में 2 लाख 21 हजार 726 लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सब्सिडी छोड़ कर इस मुहिम में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इससे जिले के 2 लाख 42 हजार 813 जरूरतमंद लोगों को खाद्य सुरक्षा सूची से जोड़ा जा सका है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि इस सफलता में जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों का विशेष योगदान रहा है। यह अभियान सामाजिक जिम्मेदारी और जन-जागरूकता का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिससे खाद्य सुरक्षा के लक्ष्य को ओर मजबूत आधार मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन सभी सहयोगी नागरिकों का हृदय से आभार व्यक्त करता है और भविष्य में भी इस प्रकार की सामाजिक पहल में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील करता है।

आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

बिजली फॉल्ट के लिए	
टोल फ्री नंबर	18001806507
वॉट्सएप नंबर	9414037085
कस्टमर केयर	2203000
आईवीआरएस	1912
कचरा गाड़ी के लिए	
ग्रेटर	2747400
सीवरेज लीकेज	2607500
हेरिटेज	2607500
टोल फ्री नंबर	14420
पुलिस की मदद के लिए	
साइबर क्राइम	1930/2360094
कंट्रोल रूम	2388435/36/37/38
ट्रैफिक कंट्रोल रूम	2565630
चाइल्ड हेल्पलाइन	1098
महिला हेल्पलाइन	1090
मुख्यमंत्री पोर्टल	181
पानी के लिए	
जलदाय कार्यालय	2706624
फायर ब्रिगेड	2747400
मेडिकल इमरजेंसी के लिए	
एंबुलेंस	102/108
एसएमएस इमरजेंसी	2518333
महिला चिकित्सालय	22610616
जनाना हॉस्पिटल	22378721
SDMH	22574189
SMS ब्लड बैंक	22518222
कल्याण ब्लड बैंक	22721771
घायल पशुओं के लिए	
नगर निगम	2747400
बर्ड बाइक	9887345580
हेल्प इन सफरिंग	8107299711
जनमंच ट्रस्ट	7230055800
पशु चिकित्सालय	2747400

1500 साला मिलादुन्नबी पर दें अमनो शांति का संदेश

-डीजे व आतिशबाजी पर लगाए पाबंदी, हुज़ूर के गुम्बदे खज़रा के नाम से हर घर से पौधा लगाकर दे खुशहाली का संदेश- मौलाना फजले हक

अजमेर (रॉयल पत्रिका) । चांद होने पर कलेण्डर के मुताबिक 12 रबीउल अव्वल 5 सितंबर 2025 को होने की उम्मीद हे उस दिन इस्लाम के पेगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का 1500 साला विलादत (जन्मदिन) है।

जिसका उत्सव मनाने की तैयारिया पूरे विश्व में की जा रही है। पैग़म्बर साहब की बताई हुई शिक्षाओं के अनुसार उनका 1500 साला मिलादुन्नबी इस्लामी परम्पराओं के अनुसार मनाने के लिए आल इंडिया सीरत कमेटी के तत्वाधान में देश के हर राज्य में जाकर आशिकाने रसूल से अपील की जा रही हे

व प्रदेश के हर राज्य में कमेटिया बनाई जा रही हे इस उद्देश्य से राजस्थान प्रदेश कमेटी का अध्यक्ष सईद अल्वी को सोमवार को नियुक्त किया। आल इंडिया सीरत कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना फज़्ले हक, व राष्ट्रीय महासचिव नियाज़ अहमद निक्कू ने बताया कि जलसा व जुलूस में डीजे तथा

आतिशबाजी पर पाबंदी लगाने के लिए ओलमा ए किराम व दरगाहो के सज्जाद गान व समाज सेवी आगे आए और पैगंबर इस्लाम का 1500 साला मिलादुन्नबी इस्लामिक परम्परा के मुताबिक ही मनाए।

1500 साला मिलादुन्नबी को यादगार बनाने के लिए 12 रब्बी उल अव्वल को हर घर से एक पौधा हुज़ूर के गुम्बद ए खजरा के नाम लगाकर पैगम्बर की अमन शांति व खुशहाली का पैगाम दे

प्रेस वार्ता में मुफ्ती बशीरुल कादरी अजमेर, मौलाना अलाउद्दीन अशरफी कोटा, सय्यद जहुर अली बाबा खादिम दरगाह अजमेर, सलाहुद्दीन अहमद जयपुर मौजूद रहे।

जहुर बाबा ने आल इंडिया सीरत कमेटी के पद अधिकारियों को दरगाह में जियारत कराई व 1500 साला मिलादुन्नबी देश भर में आमने शांति से मनाए जाने की दुआ व सबकी दस्तारबंदी की।

अहले जमात ईदगाह सोसायटी का 5वां मुस्लिम अवार्ड प्रोग्राम संपन्न

शब्बीर हुसैन

सीसवाली (रॉयल पत्रिका)। अहले जमात ईदगाह सोसाइटी सीसवाली द्वारा कस्बे में पाँचवाँ मुस्लिम अवार्ड प्रोग्राम आयोजित किया गया जिसमें 8 वीं, 10 वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के तीन तीन टॉपर्स बच्चों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कस्बे के युवाओ और बुजर्गों को उनके सामाजिक, राजनीतिक कामों में उत्कृष्ट योगदान के लिए शान-ए-सीसवाली अवार्ड से नवाजा गया। सीसवाली शहर काज़ी इशाक मोहम्मद, कलाम भाई मिस्त्री, डॉ. इमरान चंडालिया को सामाजिक, मोहम्मद इरफ़ान को फोरेंसिक यूनिवर्सिटी में चयन, सिमरन बानो को आलिमा, आरिफ वकार, आकिब जावेद, मो. नफीस, शोएब मोहम्मद, अंजुम बानो को सरकारी सेवा और प्रमोशन के आधार पर शान-ए-सीसवाली अवार्ड से सम्मानित किया गया। हाजी अलानूर अंसारी और हाजी बाबूराज अंसारी को हज मुकम्मल पर सम्मानित किया गया।

प्रोग्राम की सदारत आबिद हुसैन अंसारी सदर अंजुमन इत्तिहाद-ए-बाहमी ने की । इस अवसर पर अंता तहसीलदार मंजूर अली दीवान,

जिला वक्फ कमेटी बारां के पूर्व चेयरमैन साजिद सलीम, अंजुमन कमेटी बारां के सदर माजिद सलीम, भाईजान एडवोकेट नवीद अशफाक रजा, अताउर्रहमान, पूर्व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हाजी शब्बीर पठान, दिलशेर पठान क़ानूनगो सीसवाली, इकबाल नेताजी बारां, रईस भाई रक़्मा, अकमल नावेद, हाजी अब्दुल रज्जाक, मास्टर शोकत अली, डॉ. शाहिद ख़ान बड़ौद, हाजी इकबाल अंसारी भारत मेडिकल, पत्रकार शब्बीर रॉयल पत्रिका, इलयास मोहम्मद अल्पसंख्यक मोर्चा सहित कई वक्ताओं ने बच्चों को दीनी और दुनियावी शिक्षा पर ज़ोर देने की बात कही । प्रोग्राम में सभी मस्जिदों के इमामों को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। प्रोग्राम का संचालन नासिर शाह सूफी ने किया ।

प्रोग्राम के अंत में सदर अब्दुल गफ़ूर अंसारी ने ईदगाह कमेटी की उपलब्धियों को गिनाते हुए सबको धन्यवाद दिया। प्रोग्राम में सेक्रेटरी ज़ाहिद अंसारी, इक़बाल चंडालिया, फ़ख़रुद्दीन अंसारी, हाजी अब्दुल अजीज मंसूरी, हाजी अब्दुल सत्तार, निसार काजी, आरिफ स्टॉक, अहसान शाह, नाज़िद अंसारी, तालिब मिस्त्री, अख़्तर पठान, आरिफ अंसारी, ग़यासुद्दीन अंसारी सहित कई मेम्बर उपस्थित रहे ।

आंतरिक सुरक्षा का किया गया वार्षिक पुर्वाभ्यास

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव आईपीएस ने बताया कि आज वक्त 4.00 पीएम पर आन्तरिक सुरक्षा का वार्षिक पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास का विषय "तारानगर बाईपास, भालेरी रोड़, चूरू पर सवारी बस व गैस टेंकर का एक्सीडेन्ट हो गया है, जिसमें महिला व पुरुष घायल हुये हैं जिनमें से 15-20 लोगों की मृत्यु हो गई है।" पूर्वाभ्यास में संबंधित विभाग के सभी अधिकारी समय पर पहुंचे।

कच्ची नालियों से परेशान वार्डवासियों के लिए पार्षद शरीफ ने करवाया नाली निर्माण

बारां (रॉयल पत्रिका) । नगर परिषद के वार्ड नंबर 44 बोहरा जी की बाड़ी में वार्ड वासी पिछले कई दिनों से कच्ची नाली की वजह से परेशान थे। स्थानीय निवासी नन्हा भाई फ्रूट वालों ने बताया नाली नहीं होने की वजह से रोड़ पर दिन भर गंदा पानी बहता रहता था, जिसकी शिकायत बस्ती वालों ने स्थानीय पार्षद मोहम्मद शरीफ रंगरेज से की। पार्षद ने इसपर नगर परिषद के उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया जिसके कुछ दिन बाद ही नगर परिषद ने नाली के बहाव को ठीक करते हुए पक्की

नाली का निर्माण करवाया। इससे बस्ती वालों ओर राहगीरों को राहत मिली, स्थानीय निवासियों ने पार्षद मोहम्मद शरीफ रंगरेज का आभार व्यक्त किया।

ईद मिलादुन्नबी की तैयारी को लेकर अहले सुन्नत कमेटी ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

बारां (रॉयल पत्रिका) । अहले सुन्नत कमेटी के प्रेस प्रवक्ता ज़ोई अलीफ़ अंसारी ने बताया कि 5 सितम्बर को जश्ने ईद मिलादुन्नबी मनाया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए अहले सुन्नत के अध्यक्ष मौलाना समीर रज़ा ने अपने अध्यक्ष पद के अधिकारों का प्रयोग करते हुए अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया तथा नए पदाधिकारियों की नियुक्तियों की घोषणा की।

तंजीम के सदर मौलाना ने सेक्रेटरी के लिए जावेद खान जबकि खजांची पद के लिए इरफान खान को जिम्मेदारी सौंपी ।

सलाहकार के रूप में मोहम्मद आबिद देशवाली, शरीफ भाई पार्षद, हाफिज इंसाफ अली, नायब सदर के लिए अब्दुल कदीर मिर्जा, इरफान खान मोनू, मौलाना कलीम रजा, सेक्रेटरी के लिए रऊफ मेव, सैयद आसिफ अली व मारूफ खान को नियुक्त किया गया।

संगठन के सलाहकार मोहम्मद आबिद देशवाली ने बताया कि अध्यक्ष मौलाना समीर राजा ने अपने अधिकारों का समुचित रूप से उपयोग कर कमेटी व कौम के मोअज़्ज़िज़ हजरात, सभी पदाधिकारी आदि की राय लेने के साथ यह नियुक्तियां की है।

अब्दुल सलाम कादरी ने बताया कि कार्यकरिणी विस्तार का उद्देश्य समाज और संगठन को मजबूती देना हे। सभी नए नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन व कौम के प्रति पूर्ण निष्ठा और लगन से काम करने का भरोसा दिलाया।

नियुक्तियों के पश्चात अहले सुन्नत वल जमात के पदाधिकारियों द्वारा सभी का माला पहनाकर स्वागत और अभिनंदन किया गया।

जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गाजसर के पास तारानगर तिराहे पर सड़क हादसे का मॉक ड्रिल

-जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी जय यादव सहित आवश्यक सेवाओं के अधिकारी पहुंचें मौके पर

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में बुधवार को जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव गाजसर के पास स्थित तारानगर तिराहे पर भीषण सड़क हादसे की मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। कंट्रोल रूम से सड़क हादसे में काफी लोगों के हताहत होने की सूचना मिलने पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी जय यादव, एडीएम अर्पिता सोनी, एएसपी लोकेन्द्र दादरवाल सहित आवश्यक सेवाओं के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और व्यवस्थाओं को प्रबंधित किया। आवश्यक सेवाओं के अधिकारियों ने दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने और चिकित्सकीय उपचार का अभ्यास किया।

विभागों का हो समन्वय, त्वरित रिस्पॉन्स से हो बेहतरीन आपातकालीन प्रबंधन इस अवसर पर ज़िला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मॉक ड्रिल के बाद मौके पर मौजूद अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विभागों का मजबूत समन्वय रहे तथा इस प्रकार की आपात परिस्थितियों में सूचनाओं के आदान—प्रदान व त्वरित रिस्पॉन्स से बेहतरीन प्रबंधन करें। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान समय पर लिया गया निर्णय और आपसी समन्वय हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है। इस मॉक ड्रिल के माध्यम से हमने देखा कि विभाग किस प्रकार त्वरित और सटीक प्रतिक्रिया दे

सकते हैं। यह अभ्यास न केवल हमारी तैयारियों की जांच करता है, बल्कि भविष्य की वास्तविक परिस्थितियों में जान-माल की रक्षा हेतु हमारी क्षमता को और सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने दायित्वों व आपात के दौरान अपेक्षित गतिविधियों के लिए तैयार रहें। उन्होंने मॉक ड्रिल के दौरान विभागीय गतिविधियों की जानकारी देते हुए निर्देश दिए कि मॉक ड्रिल के दौरान देखी गई कमियों का विश्लेषण कर सुधारात्मक कदम उठाएं ताकि भविष्य में और बेहतर प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक जय यादव ने कहा कि मॉकड्रिल का आयोजन करना आपात सेवाओं के रिस्पांस टाइम का परीक्षण करना था ताकि सेवाओं को और बेहतर किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी सेवाओं के अधिकारी समय पर मौके पर पहुंचे। उनके रिस्पांस का परीक्षण किया गया तथा की जाने वाली गतिविधियों का एनालिसिस किया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस मिलकर इस प्रकार की परिस्थितियों के लिए मुस्तैदी से काम कर रही है। यादव ने कहा कि मॉक ड्रिल के दौरान विभागों के रिस्पॉन्स टाइम व आवश्यक तैयारियों के परीक्षण के बाद सेवाओं को बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे। मौके पर पहुंचे अधिकारी दुर्घटना की सूचना मिलने के साथ ही जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा एसपी जय यादव, एडीएम अर्पिता सोनी, एएसपी लोकेन्द्र दादरवाल, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, एपीआरओ मनीष कुमार, चूरू एसडीएम बिजेंद्र सिंह, तहसीलदार अशोक गोरा, सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, एसजेईडी डीडी नगेंद्र सिंह राठौड़, एसीपी नरेश टुहानिया, सदर पुलिस थाना टीम, एंबुलेंस सेवाएं, आपदा प्रबंधन टीम आदि मौके पर पहुंचे और हताहतों को आवश्यक सहायता का अभ्यास किया।

डॉ. शमशाद यूडीओ दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव मनोनीत

चूरू (रॉयल पत्रिका)। राजकीय महाविद्यालय बारां में बतौर असि. प्रोफेसर कार्यरत चूरू निवासी डॉ. शमशाद अली को उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सैयद अहमद खान ने तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है। कार्यालय सचिव मोहम्मद इमरान ने दिल्ली स्थित कार्यालय से बीस अगस्त 2025 को प्रेस नोट ज़ारी करते हुए उन्हे ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने की जानकारी दी। महासचिव डॉ. परवाज उलूम व अन्य सदस्यों

ने डॉ. शमशाद के मनोनयन पर खुशी का इज़हार करते हुए कहा कि ये मनोनयन राष्ट्रीय स्तर पर उर्दू भाषा के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

डीएसटी टीम की आ सूचना पर पुलिस थाना सदर चूरू व डीएसटी टीम ने सयुक्त कार्यवाही की

-26 किलो 730 ग्राम डोडा पोस्त चूरा के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफतार व 01 वाहन ट्रक को किया जब्त

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर जय यादव आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला चूरू ने बताया कि अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत लोकेन्द्र दादरवाल आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चूरू, सुनिल झाझडिया आरपीएस वृताधिकारी वृत चूरू के निकटतम सुपरविजन में डीएसटी टीम की आसूचना पर डीएसटी टीम व बलवंतसिंह उनि थानाधिकारी पुलिस थाना सदर चूरू नवीन कुमार, सरजीत धर्मेन्द्र सरकारी बोलेरो चालक राकेश कुमार के गश्त करता हुआ ढाढर टॉल नाका से आगे सिदार्थ होटल के सामने एनएच 52 पर नाकाबंदी की गई। दौराने नाकाबंदी एक संदिग्ध वाहन ट्रक नम्बर पी.बी. 11 बीआर 6161 आया जो संदिग्ध होने पर तलाशी ली गई तो ट्रक के केबिन से एक सफेद रंग का प्लास्टिक कट्टा जिसमे कुल 26.730 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त चुरा को बरामद कर मुलजिम जसकिरत सिह पुत्र भगवन्त सिह उम्र 30 साल निवासी कोटली पुलिस थाना पायल जिला लुधियाना पंजाब को गिरफतार कर पुलिस थाना सदर चूरू में धारा 8/15

एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान रामकरण उपनिरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना रतननगर के द्वारा शुरू किया गया।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की जयंती मनाई

शादाब अली

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। सिविल लाइन बजरिया स्थित कांग्रेस कार्यालय पर सुबह 11:00 बजे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी देश मे विकास की जन क्रांति लाये थे उन्होंने देश में कंप्यूटर एवं महिला सशक्तिकरण सूचना अधिकार कानून गरीब किसान मजदूर बेरोजगारों को रोजगार की योजनाएं लागू की उनके जन्मदिन को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है देश हमेशा स्वर्गीय राजीव गांधी को याद करता रहेगा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अनिल वर्धमान कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, एस टी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बंसी लाल मीणा, यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुबह सिंह सेमाडा, खल्लाक खान, जिला मीडिया प्रभारी अजय कुमार शर्मा, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि मुकेश मीणा, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव सोनिका शर्मा आदि मौजूद रहे।

भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जयन्ति पर किया याद

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयन्ति पर शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाऊस चूरू में शहर व देहात ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोकर व किशोर धांधू की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियो ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया और श्रद्धांजलि दी पूर्व सभापति गोविंद महँणसरिया ने कहा राजीव गांधी ने 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का अधिकार दिया व पंचायत राज को मजबूती ओर महिलाओं को अधिकार देकर मजबूती प्रदान की। उप सभापति प्रतिनिधि रमजान खान ने कहा राजीव गांधी सादगी और सरलता की मिसाल थे और उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए अद्त प्रयास किये। । शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर ने कहा कि आज देश में साम्प्रदायिक ताकतें जाति और धर्म के नाम पर बांटने का काम कर रही हैं, हमें स्व. राजीव गांधी जैसे महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर देश की एकता और अखंडता की रक्षा करनी होगी। देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू ने कहा कि हमें राजीव के आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश, समाज और

कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करना होगा। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने कम्प्यूटर और संचार क्रांति के लिए देश के विकास को एक नई दिशा दी उन्होंने ने जब संचार क्रांति और कम्प्यूटर क्रांति का आगाज किया तो उस समय विपक्ष के नेताओं ने इसका मजाक बनाया था लेकिन आज उसी क्रांति के दम पर हम विकास की प्रतिस्पर्धा में अपने आपको बनाये हुए हैं। पूर्व उपजिला प्रमुख सोहनलाल मेघवाल ने कहा देश के विकास के लिए राजीव गांधी के योगदान और बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। पुष्प अर्पित कार्यक्रम में आशाराम सैनी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अबरार खां, लालचंद सैनी, सीताराम खटीक, शिवकुमार शर्मा, आमीन खां, अब्बास काजी, सीराज खा जोईया, बाबू मंत्री, विमल शर्मा, योगेश ढाका, सोयल डी के, शंकर चंदेलिया, आसिफ निर्माण, अली मोहम्मद भाटी, आरिफ रिसालदार, शेर खां मलखाण, अनीस खान, सोहनलाल मेघवाल, रामेश्वर नायक, अजीज खां, समीउल्लाह, सुरेश शर्मा, राजीव बहड, निरज शर्मा, गोकुल शर्मा, कृष्ण सुण्डा, सलीम पीए, बाबू खां चायल, बनवारी लाल सैनी, बजरंग बजाड, आरिफ कुरेशी, महबूब कुरेशी, मोहसीन, मो उमर, साहिल खान, राजेश फौजी, युनुस खान, मुस्ताक, मुस्ताक, जितु सिंह जसरासर, अजय दाधिच, सुर्यप्रकाश वर्मा, सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

राज्य अंतर जिला सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता

-जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने की समीक्षा दिए आवश्यक निर्देश

पाली, (रॉयल पत्रिका)। 10वीं राजस्थान राज्य अंतरजिला सिविल सेवा बास्केटबॉल पुरुष एवं 9वीं राजस्थान राज्य अंतरजिला सिविल सेवा वॉलीबॉल पुरूष प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में जिला कलक्टर कार्यालय में जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक आयोजित हुयी। बैठक में जिला कलक्टर एलएन मंत्री अब तक की गयी व्यवस्थाओं की तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। जिनमें प्रतिभागियों व खिलाडियों के भोजन, आवास, पेयजल आदि पर मंथन कर निर्देश दिये।

ये आयोजन 13 से 15 सितम्बर तक पाली मुख्यालय के छः मैदानों जिनमें इसके खेल मैदानों जिनमें बांगड स्कूल कॉलेज, खेल संकुल रैनबो स्कूल, पीएमश्री विद्यालय, बांगड स्टेडियम व बांगड स्टेडियम में वॉलीबॉल के मैच आयोजित होंगें। बैठक में आने वाली टीमों के लिये विभिन्न व्यवस्थायें आवास, भोजन, पानी, मात्रा, शौचालय आदि के बारे में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में जिला कलक्टर मंत्री ने आयोजन के लिये शुभारंभ समारोह व समापन समारोह के लिये अतिथियों को निमत्रंण, सभी प्रकार की आवश्यक व्यवस्थायें करने के लिये व मैच आयोजन की रूपरेखा, प्रतियोगिता में आने वाले प्रमुख व्यक्तियों का ठहराव, शुंभकर का विमोचन, शहर में प्रमुख स्थानों पर कटआउट व होर्डिंग व बैनर के लिये, मैदानों में मरम्मत, साफ सफाई, भोजन नाश्ता, पीने के पानी के कैम्पर, मैडल, ट्रॉफी, सर्टिफिकेट, टेंट व्यवस्था, माईक, रैफरी की लिस्ट व ड्यूटी लगाने, खेल सामग्री खरीद के लिये आवश्यक प्रक्रिया, परिवहन व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था के लिये इंतजाम, कुर्सिया सहित सभी अन्य इंतजामों को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर बैठक में, एडीएम डॉ. बजरंग सिंह, एडीएम अश्विनी के पंवार, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी, यूआईटी सचिव डॉ. पूजा सक्सेना, उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र राणावत, खेल अधिकारी एलडी वैष्णव, शिक्षा, चिकित्सा, सार्वजनिक निर्माण विभाग आदि सभी संबधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पोटी में इनवर्टर बैट्री भेट की गई

मोहम्मद अली पठान

चूरू (रॉयल पत्रिका)। निकटवर्ती ग्राम पोटी राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय में रिटायर्ड थानेदार अनवर खान के द्वारा अपने मरहूम माता पिता की याद में स्कूल को इन्वेर्टर एवं बेंटरी प्रदान की गई। इस मोके पर समाजसेवी बाबू खान सनसिटी चूरू एवं फुटबॉल क्लब अध्यक्ष शकील दुरानी, लॉयन क्लब अध्यक्ष राजीव शर्मा, सचिव संजीव वर्मा, कोषाध्यक्ष आकाश सोनी, जॉन चेयरमैन सीपी खत्री,पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र राजोतिया,पूर्व अध्यक्ष सुनील रंजन टेकनेट,पूर्व अध्यक्ष शलेन्द्र माथुर, ताराचंद प्रजापत, आबिद खान आदि उपस्थित रहे। एवं स्कूल की तरफ से प्राचार्य सुलोचना सिहाग, अध्यापिका संतोष ढाका, अध्यापक जाकिर हुसैन, अध्यापक हंसराज ने सभी अतिथिगणों का आभार व्यक्त किया।

पौधारोपण एवं सेवानिवृत कार्मिकों का सम्मान समारोह का पोस्टर विमोचन

चौमूं। बलाई विकास समिति जयपुर एवं ग्राम इकाई लोहरवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में 24 अगस्त को लोहरवाड़ा में आयोजित होने वाले पौधारोपण एवं वर्ष 2024-25 में सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान समारोह को लेकर समिति के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार के नेतृत्व में गोविंदगढ़ समाजसेवी भेरूलाल नारनोलिया व ढोढसर में समाजसेवी चौगानमल मौखरिया द्वारा पोस्ट का विमोचन किया गया।

समिति के पदाधिकारियों ने समारोह में समाजबंधुओं को अधिकाधिक संख्या में पहुंचने के लिए अपील की।

इस मौके पर समिति के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह नारनोलिया, सचिव प्रहलाद राय जाटावत, मुकेश कुमार कालोया, गोपाल लाल डूमोलिया, सदस्य गोपाल लाल देवठिया, पूर्व महासचिव एडवोकेट गोपाल लाल बुनकर, महेश कुमार नारनोलिया, अध्यापक ओमप्रकाश गढ़वाल, अध्यापक बलदेव कुमार बराला, अध्यापक मूलचंद बुनकर, रामसुख डूमोलिया, मूंगाराम पंवार, नंदकिशोर देवटिया, शीशपाल डूमोलिया, सुभाष डूमोलिया, गुलझारी डूमोलिया, सुरेश देवठिया, कृष्ण कुमार पंवार, सतीश डूमोलिया, किशन लाल डूमोलिया पूरणमल देवठिया, गुरूदयाल डूमोलिया आदि समाजबंधु मौजूद रहे।

पौधारोपण एवं सेवानिवृत कार्मिकों का सम्मान समारोह को लेकर गांव-गांव बांटे पीले चावल

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। बलाई विकास समिति, जयपुर एवं ग्राम इकाई लोहरवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में 24 अगस्त को लोहरवाड़ा में आयोजित होने वाले पौधारोपण एवं वर्ष 2024-25 में सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान समारोह को लेकर समिति के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों ने धोबलाई, कानरपुरा, बाई का बास आदि गांवों में जनसंपर्क कर समारोह में अधिकाधिक संख्या में पहुंचने के लिए पीले चांवल बांटे। इस दौरान समिति के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार, सचिव राजेंद्र प्रसाद काला, प्रहलाद राय जाटावत, कार्यक्रम सह संयोजक नरेन्द्र तंवर, समिति के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट धर्मेंद्र कुमार घसिया, सरपंच सुल्तान बुनकर, गणेशचंद बगवाडिया, सुखाराम डूंडलोदिया, जितू बुनकर, धोबलाई बाबा रामदेव मंदिर अध्यक्ष कन्हैयालाल बाण्या, जगदीश तंवर, सायरचन्द बुनकर, प्रकाश तानाण, महेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

श्वेताम्बर जैन समाज के पर्वाधिराज पर्यूशण पर्व हुए प्रारंभ

-साधार्मिक बंधुओं ने पांच आवश्यक कर्तव्यों के बारे में दिए व्याख्यान

शब्बीर हुसैन

बारां (रॉयल पत्रिका)। पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व की आराधना कराने हेतु उपासना मंदिर अरिहंत बंगलो-मुम्बई (महाराष्ट्र) से साधर्मिक क्रिश सतीश भाई रांका, कलश अश्विनी भाई बारां पहुंचे। साधर्मिक बंधुओं द्वारा 20 अगस्त से 27 अगस्त तक धार्मिक कार्य सम्पन्न करवाए जाएंगे।

जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र रंगावत, निर्माण प्रभारी गौत्तम मारू ने बताया कि पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व की आराधना कराने हेतु उपासना मंदिर अरिहंत बंगलो-मुम्बई (महाराष्ट्र) से साधर्मिक क्रिश सतीश भाई रांका, कलश अश्विनी भाई ने प्रथम दिन के व्याख्यान में पर्वाधिराज, तीर्थाधिराज, मंत्राधिराज और यंत्राधिराज के बारे में बताया। उन्होने पर्यूषण महापर्व के पांच आवश्यक कर्तव्यों अमारी प्रवर्तन, साधर्मिक वात्सल्य, क्षमापना, अठ्ठम तप और चैत्य परिपाठी के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए इन पांचों कर्तव्यों का पालन करने के लिए बताया गया। प्रवचन के दौरान साधर्मिक बंधुओं ने कहा कि हमारा पूरा जिनशासन जिज्ञासा के ऊपर टिका हुआ है और हमे हमारे जिनशासन के लिए हमारे मन में जिज्ञासा होनी चाहिए।

श्री चन्द्रप्रभू महिला मण्डल अध्यक्ष एवं जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया, विजया श्रीमाल ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः प्रतिक्रमण, भक्ताम्बर, स्नात्र पूजा, व्याख्यान/प्रवचन, सायंकालीन प्रतिक्रमण, आरती, भक्ति के कार्यक्रम सम्पन्न होंगे तथा इस वर्ष भक्ति कार्यक्रम प्रतिदिन रात्रि 9.00 बजे से नवनिर्मित श्री गुणवर्धन शंखेश्वर पाश्र्वनाथ जैन श्वेताम्बर तीर्थ ट्रस्ट बमूलियाकलां पर आयोजित होंगे। कार्यक्रम के दौरान भोजन व्यवस्था बुद्विप्रकाश मारू, सचिन मारू सपरिवार तथा स्नात्र पूजा अशोक कुमार, गौत्तम कुमार, प्रवीण कुमार बोरडिया परिवार की तरफ से रही।

इस दौरान नवयुवक मण्डल, महिला मण्डल सहित सकल श्रीसंघ उपस्थित रहा। श्रीमती भाया ने बारां सकल श्रीसंध से अधिक से अधिक आराधना कार्यक्रम में जुडने का आग्रह किया।

हाईटेंशन बिजली लाईन के उपकरण चोरी करने वालो सहित 07 संगठित अपराधी गिरफ्तार व घटना में प्रयुक्त वाहन जब्त

चूरू/रतन नगर (रॉयल पत्रिका)। जय यादव आईपीएस पुलिस अधीक्षक चूरू ने बताया कि चोरी, नकबजनी में वांछित अपराधीयों की धरपकड़ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चूरू लोकेन्द्र दादरवाल आरपीएस व वृताधिकारी वृत सुनील कुमार झाझड़िया आरपीएस के निर्देशन में व रामकरण थानाधिकारी पुलिस थाना रतननगर के नेतृत्व में गोवर्धन सिंह, आनन्द कुमार, जयवीर, राजवीर, सुष्मित मलिक द्वारा आज दौराने गस्त रात्रि के समय में संदिग्ध घूम रहे कुल 07 व्यक्तियों को एक अल्टो कार व एक पिकअप गाडी सहित दस्तियाब किया जाकर गहनता से पुछताछ की गई। दौराने पुछताछ प्रकरण विधुत अधिनियम पुलिस थाना रतननगर में चोरी करना स्वीकार करने पर आरोपीगण 1. शंकर लाल नटवाडिया, 2. राकेश मीणा, 3. शक्तिमान को गिरफतार किया गया उक्त आरोपीगणों ने दौराने पुछताछ बताया है कि मुख्य सरगना शंकरलाल नटवाडिया वगैरा द्वारा घटना स्थल की रेकी की जाकर होस्टलों में पढने वाले नौजवान युवकों को काफी रूपये कमाने व ऐशों आराम करवाने के झूठे सपने दिखाकर अपने जाल में फंसाते ओर रात्रि के समय में अधेरे का फायदा उठाकर पिकअप गाडियों में चोरी का सामान भरकर ले जाते तथा पुलिस से बचने के लिये अपनी कार से आगे आगे एस्कॉर्ट करते है। उक्त मुख्य सरगना शंकरलाल नटवाडिया वगैरा काफी शातिर किस्म का अपराधी है जो अपने बचाव के लिये हर बार अलग अलग लडकों की गैंग बनाकर लाते थे। दौराने अनुसंधान आरोपीगणों ने बताया है कि काफी समय से एक संगठन बनाकर हाईटेंशन बिजली लाईन के उपकरणों की चोरी करते है तथा उक्त घटना के अलावा भी फतेहपुर, लक्ष्मणगढ, सीकर ईलाका में भी काफी चोरी की घटना कारीत करना व चोरी के सामान को विक्रय कर प्राप्त धन से आरोपीगण शंकरलाल व राकेश द्वारा ऐशो आराम व धन्धां करने के लिये गाडियां भी खरीद करना स्वीकार किया है। उक्त आरोपीगणों से घटना में शामिल अन्य व्यक्तियों की भूमिका के सम्बंध में अनुसंधान जारी है, अन्य चोरी की घटना का खुलासा होने की पूर्ण सभावना है।

मलारना डूंगर में शारीरिक शिक्षकों की दो दिवसीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। जिले में कार्यरत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शारीरिक शिक्षकों की दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मलारना डूंगर में प्रारंभ हुआ।उद्घाटन के इस अवसर पर हरकेश लाल मीणा जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक सवाई माधोपुर, देवीलाल मीणा जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारंभिक शिक्षा सवाई माधोपुर विजय राम मीणा उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा तेज सिंह जाट खेलकूद प्रभारी प्रारंभिक शिक्षा, मोहम्मद जाकिर एससीबीईओ मलारना डूंगर मुज़फ्फर आरपी मलारना डूंगर करणफूल मीणा प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान शारीरिक शिक्षा संघ सगीर मोहम्मद सेवानिवृत्ति शारीरिक शिक्षक, जितेंद्र गोहिल व्याख्याता शारीरिक शिक्षक स्थानीय शाला, मान सिंह शेखावत संयोजक एवं प्रधानाचार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मलारना डूंगर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मन राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ साथ ही मां सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण एवं प्रचलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई दीप मंत्र एवं सरस्वती वंदना माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर मलारना डूंगर की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत की गई। स्वागत भाषण मान सिंह शेखावत प्रधानाचार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मलारना डूंगर द्वारा प्रस्तुत किया गया।

"संगठन द्वारा मिलने वाले दायित्व को निष्ठा से निभाना ही प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है"- डॉ. अरुण चतुर्वेदी

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी जिला सवाई माधोपुर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की जिला संगठनामक बैठक का अयोजन जयपुर बाईपास स्थित पार्थ होटल में किया गया उक्त संगठन बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान वित्त आयोग नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ.अरुण चतुर्वेदी रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बजरंग लाल जाट, प्रधान मंजू गुर्जर,प्रधान नरेंद्र चौधरी,शशिकला मीणा, सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.भरत मथुरिया,प्रेमप्रकाश शर्मा,सुरेश जैन,जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़ सहित समस्त मंडलों के मंडल अध्यक्ष रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर द्वारा की गई उक्त संगठन आत्मक बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत माता एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। और बैठक के दौरान मुख्य अतिथि डॉ.चतुर्वेदी ने कहा कि संगठन द्वारा प्रत्येक कार्यकर्ता को समय-समय पर दी जाने वाली जिम्मेदारी को निष्ठा और ईमानदारी से निभाना ही प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है ! इस अवसर पर उन्होंने संगठन के प्रत्येक मंडल अध्यक्ष और जिले के पदाधिकारी द्वारा संगठन द्वारा प्रवास के कार्यक्रमों के अंतर्गत अपने-अपने क्षेत्र में प्रवास कार्यक्रम के माध्यम से संगठन की विस्तृत स्थित की जानकारी प्राप्त करना है! उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भाजपा संगठन का कार्यकर्ता राष्ट्रवाद और संगठन के प्रति जिम्मेदार रहता है जबकि संपूर्ण देश में आपातकाल लगाने वाली कॉन्ग्रेस आज संविधान के नियमों की दुहाई देने का काम कर जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही है! जिला प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा एवं भाजपा जिला सह मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि उक्त संगठन बैठक के दौरान जिला महामंत्री विनोद अटल द्वारा समस्त 17 मंडलों के समस्त मंडल अध्यक्ष,महामंत्रियों और जिले के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के गठन के पश्चात किए गए समस्त संगठनात्मक कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई।

पीडब्ल्यूडी द्वारा 'सुसमा' अभियान के तहत वितरित किए गए हेलमेट

-यातायात के नियमों का पालन करने का आह्वान किया गया

झुंझुनू (रॉयल पत्रिका)। एकेडमी विज्डम सिटी प्रांगण में 20 अगस्त 2025 को सार्वजनिक विभाग द्वारा 'सुसमा' (सुरक्षित सड़क मार्ग) अभियान के तहत अध्यापिकाओं को हेलमेट वितरित किए गए तथा साथ ही सभी से यातायात के नियमों का पालन करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में सतीश चन्द्र गुप्ता - अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, केशर जाटव - अधिशाषी अभियंता एवं मीतिक्षा वर्मा - सहायक अभियंता उपस्थित थे।

जानकारी देते हुए अधिशाषी अभियंता केशर जाटव ने बताया कि सुरक्षित सड़क मार्ग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग एवं सड़क सुरक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके अन्तगत पीडब्ल्यूडी की महिला अभियंता द्वारा स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राओं को भी सुरक्षित वाहन चलाने हेतु यातायात नियमों, सड़क चिह्नों आदि के विषय में जागरूक किया जा रहा है।

सहायक अभियंता मीतिक्षा वर्मा ने कहा कि यह अभियान 9 अगस्त से प्रारम्भ हुआ था तथा 15 सितम्बर 2025 तक चलेगा इस अभियान के तहत सभी को सड़क सुरक्षा नियमों, सड़क पर लगे साईन बोर्ड, रोड़ मार्किंग एवं वाहन चलाते समय सिट बैल्ट व हेलमेट इत्यादि का प्रयोग करने संबधी जानकारी दी जा रही है।

स्कूल प्राचार्य डॉ. रवि शंकर शर्मा, उप-प्राचार्या सरोज सिंह, हैड-मिस्ट्रेस उमा शर्मा, एडमिशन डायरेक्टर श्याम सुंदर शर्मा एवं प्रशासक कमलेश कुलहरि ने सभी का स्वागत अभिनन्दन कर आभार व्यक्त किया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जटवाड़ा में मनोरोग एवं नशामुक्ति कैंप का आयोजन

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जटवाड़ा, सवाई माधोपुर में बुधवार को मनोरोग एवं नशामुक्ति कैंप का आयोजन हुआ। कैंप में सामान्य चिकित्सालय के मनोचिकित्सक डॉ. गौरव चंद्रवंशी ने अपनी सेवाएं दी।

इस कैंप में अनिद्रा, उदासी, काम में मन न लगना, अकेले में बड़बड़ाना, बहम करना, ज्यादा बोलना, बड़ी-बड़ी बातें करना, बार-बार हाथ धोना, डर, घबराहट, बेचैनी, मंदबुद्धि एवं नशे (स्मैक, डोडा, शराब, गांजा, तंबाकू) से संबंधित 35 मरीजों को निःशुल्क परामर्श और दवा दी गई।

इस दौरान पीएचसी के समस्त स्टाफ को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई और तनाव से बचने के उपाय बताए गए। साथ ही टेली मानस टोल फ्री सेवा नंबर 14416 के बारे में बताया। वहीं जटवाड़ा के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को मानसिक बीमारियों के बारे में जागरूक किया और तनाव से बचने के उपाय बताए। इस अवसर पर रविन्द्र, अब्दुल, फकीर मोहम्मद, मनोज, दीपक आदि उपस्थिक रहे।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

पाली (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार बुधवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर अश्विनी के पंवार की अध्यक्षता में जिला कलक्टर कार्यालय के सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुयी। बैठक में राष्ट्रीय राज मार्ग के अधिकारीयों, पी डब्लू डी, नगर निगम को निराश्रित पशुओं को पकड़ने, अथवा हटाने गौशाला भेजने पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये ।

बैठक में इसके रेडियम बेल्ट पहनाने व इसकी सूचना गूगल शीट पर अपलोड करने व उसमें दिनांक व संख्या गौशाला भेजे गए पशुओं की संख्या इत्यादि को अपडेट करने के निर्देश दिए।साथ ही बैठक में क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत के बारे में निद्रेश दिये। साथ ही उन्होंने जिले में एक्सीडेन्ट के ब्लैक स्पॉट के बारे में, व निराश्रित पशुओं को पकड़ने के बारे मे एनएचएआई, एनएच, नगर निगम , आरएसआरडीसी , आदि विभागों से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। इसके साथ ही बाबा रामदेव पदयात्रा के बारे में एहतियातन उपाय के लिये चर्चा व क्षमता से अधिक बच्चे ले जाने वाली बालवाहिनियो पर चालान कार्रवाई के बारे में आवश्यक निर्देश, सीट बैल्ट लगाने, हेलमेट के बारे में जागरूकता, रोडवेज बसों के बारे में व यातायात व परिवहन विभाग के बिन्दओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, अति परिवहन अधिकारी गणपत लाल, पुलिस विभाग के हिंगलाज दान व सार्वजनिक निर्माण विभाग के एसई व सदस्य सचिव दिलीप परिहार, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. मनोज पंवार, शिक्षा विभाग से एडीईओ प्रवीण जांगिड, चिकित्सा, एनएचएआई के संजय मरवाडी,एनएच, आरएसआरडीसी आदि संबधित विभागों के अधिकारी कार्मिक मौजूद रहे।

बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति के संबंध में मीटिंग का हुआ आयोजन

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा लंबित बाल पीड़ित प्रतिकर के संबंध में की गई अनुशंसाओ, प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों पर विचार-विमर्श किए जाने हेतु जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति के पदेन सदस्यगण के साथ बैठक के आयोजन हेतु प्राप्त निर्देशों की पालना में बुधवार को समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति के पदेन सदस्यगण के साथ जरिये वीसी ऑनलाइन मीटिंग का आयोजन किया गया।

आयोजित ऑनलाइन मीटिंग में संजय शर्मा अतिरिक्त जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर, ओमप्रकाश मीना अति. पुलिस अधीक्षक विशेष महिला अपराध अनुसंधान इकाई तथा श्वेता गर्ग अध्यक्ष बाल कल्याण समिति सवाई माधोपुर उपस्थित रहे। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उपस्थित अधिकारीगण को किशोर न्याय समिति, राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार मीटिंग में वर्तमान में लंबित बाल पीड़ितों के प्रार्थना पत्रों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया, साथ ही वर्ष 2019 से 2025 तक के बाल पीड़ितों के मामलों के संबंध में दर्ज कराई गई एफआईआर में पात्र बाल पीड़ितों को प्रतिकर दिलाए जाने के संबंध में अनुशंसा कर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भिजवाए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उपस्थित अधिकारीगण को बालश्रम, पोक्सो एक्ट एवं बाल अपराधों के संबंध में वर्तमान में दर्ज की जाने वाली एफआईआर की एक प्रति तथा प्रकरणों में पीडित अथवा उसके आश्रित की ओर से आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में अविलम्ब आवेदन मय दस्तावेज कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित किए जाने के संबंध में निर्देश प्रदान किए गए।

गौशालाओं के ऑनलाईन सहायता आवेदन गोपालन वेब पोर्टल पर 22 अगस्त तक

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। गौसंरक्षण एवं संवर्धन निधि नियम-2016 (संशोधित नियम-2021) अन्तर्गत वित्त वर्ष 2025-26 के प्रथम चरण माह अप्रैल, मई, जून-2025 (90 दिवस) में गौशालाओं को देय सहायता हेतु ऑनलाईन आवेदन 22 अगस्त, 2025 तक गोपालन वेब पोर्टल पर आवश्यक रूप से अपलोड किये जाने है।

संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ. राजीव गर्ग ने बताया कि गौसंरक्षण एवं संवर्धन निधि संशोधित नियम-2021 अन्तर्गत पात्रता हेतु गौशाला का पंजीयन 30 मार्च, 2024 या इससे पूर्व होना आवश्यक है तथा गौशाला में न्यूनतम 100 टैगशुदा गौवंश संधारित होना एवं एक वर्ष का निरन्तर संचालन आवश्यक है। पात्र गौशालाएं अपने ऑनलाईन आवेदन गोपालन विभाग के ऑनलाईन वेब पोर्टल पर 22 अगस्त, 2025 तक आवश्यक रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करें। निर्धारित दिनांक तक ऑनलाईन आवेदन अपलोड नहीं करने वाली गौशालाओं की पात्रता पर विचार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिन गौशालाओं द्वारा अपनी भूमि सम्बन्धी दस्तावेज एवं एसएसओ आईडी व सम्पूर्ण बैंक दस्तावेज गोपालन वेब पोर्टल पर अपडेट नहीं करवाई गई है, वह गौशाला पदाधिकारी आवेदन से पूर्व बैंक द्वारा प्रमाणित अपने बैंक पासबुक के प्रथम पेज की पठनीय कॉपी अथवा कैन्सिल चैक की प्रति जिस पर दो गौशाला पदाधिकारियों द्वारा मोहर सहित हस्ताक्षर किये गये हो एवं निदेशालय द्वारा जारी प्रारूप में गौशाला के भूमि दस्तावेज गौशाला प्रबन्धन समितियां ऑनलाईन आवेदन करने से पहले आवश्यक रूप से गोपालन वेब पोर्टल पर पशुपालन विभाग, सवाईमाधोपुर के सहयोग से अपडेट/अपलोड करवाना सुनिश्चित करवाएं एवं तत्पश्चात् ही आवेदन करें। उन्होंने बताया कि गौशाला सहायता आवेदन निर्धारित 22 अगस्त, 2025 पश्चात पोर्टल पर अपलोड नहीं होंगे एवं ऑफलाईन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

अली फजल की नई वेब सीरीज राख का ऐलान

नई दिल्ली। अली फजल न केवल फिल्मी दुनिया, बल्कि ओटीटी पर भी कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कई वेब सीरीज में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता है। अब वह फिर से नई वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं जिसकी अनाउंसमेंट भी हो गई है। ओटीटी की नई वेब सीरीज में अली फजल पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाने वाले हैं। सीरीज की कहानी थ्रिल और सस्पेंस से भरी होने वाली है जो अपराध और न्याय के इर्द-गिर्द घूमेगी। एंडेमोलशाइन इंडिया और गुलबदन टॉकीज के बैनर तले बनी सीरीज एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर होगी। इस वेब सीरीज का नाम राख है। इस सीरीज का निर्देशन प्रोसित रॉय कर रहे हैं।

लाइफ Style

हुमा

खुद कहानियां बनाने का किया फैसला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने हाल ही में निर्माता बनने के फैसले को लेकर कई खुलासे किए। साथ ही उन्होंने बताया कि आखिर वह निर्माता क्यों बनना चाहती हैं। हुमा कुरैशी और उनके भाई साकिब सलीम जल्द ही अपनी पहली प्रोडक्शन फिल्म 'बेबी डू डाई डू' रिलीज करने वाली हैं।

अभिनय के अलावा, दोनों ने अब निर्माता बनने का फैसला किया है, ताकि वे अच्छी कहानियों को खुद चुन सकें और उन्हें दर्शकों तक पहुंचा सकें। हुमा का कहना है कि अभिनेत्री के तौर पर उन्हें हमेशा दूसरों के चुने हुए रोल पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे उनमें निराशा थी, क्योंकि वे और भी बहुत कुछ कर सकती थीं। इसीलिए, उन्होंने और साकिब ने खुद कहानियां बनाने का फैसला किया। उनकी पहली प्रोडक्शन फिल्म जल्द रिलीज होगी और इसके बाद हुमा एक इन्वेस्टिगेटिव फिल्म 'बयान' में नजर आएंगी। 39 साल की हुमा ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। इस लिस्ट में गैंग्स ऑफ वासेपुर, डेढ़ इश्किया और जॉली एलएलबी 2 जैसी फिल्में शामिल हैं। अब वह नई और अच्छी कहानियां लाना चाहती हैं। वे कहती हैं कि उन्होंने और साकिब ने दूसरों के मौके का इंतजार करने के बजाय खुद मौके बनाने का फैसला किया। वे अपने प्रोडक्शन हाउस को ऐसा बनाना चाहती हैं, जहां नए चेहरों को मौका मिले और काम का माहौल बेहतर हो। हुमा का कहना है कि वे दूसरों की गलतियों को नहीं दोहराएंगी। भविष्य में वे बड़ी फिल्में बनाना चाहेंगी, लेकिन नए टैलेंट को मौका देने की कीमत पर नहीं।

हॉलीवुड मसाला

25 फिल्मों के बाद भी कम नहीं हुआ क्रेज

नई दिल्ली। जेम्स बॉन्ड एक फिक्शनल जासूस कैरेक्टर है, जिसे ब्रिटिश राइटर इयान फ्लेमिंग ने 1953 में बनाया था। पहली फिल्म से मशहूर होने के बाद जेम्स बॉन्ड पर 25 फिल्में बन चुकी हैं। लेकिन, अभी भी दर्शकों के साथ-साथ फिल्म मेकर्स का इस कैरेक्टर को लेकर क्रेज खत्म नहीं हो रहा है। बॉन्ड फिल्में अपने साउंडट्रैक समेत कई बेहतरीन चीजों के लिए जाना जाता है। इसके थीम सॉन्ग्स को कई बार ऑस्कर में नॉमिनेश और तीन बार अवॉर्ड भी मिले। ज्यादातर फिल्मों में बॉन्ड की कारें, उनकी बंदूकें और बॉन्ड गर्ल्स को काफी पसंद किया गया है।

बैटमैन की आ चुकी हैं 18 मूवीज 10 एक्टर्स बने सुपरहीरो

नई दिल्ली। डीसी फिल्म्स ने सुपरहीरो मूवीज की शुरुआत की और सुपरमैन के बाद सबसे हिट फ्रेंचाइजी बैटमैन थी। बैटमैन की 18 मूवीज आ चुकी हैं। 10 एक्टर्स सुपरहीरो बने। बैटमैन पहली बार बड़े पर्दे पर 1943 में पहुंचा था। इसका निर्माण कोलंबिया पिक्चर्स ने किया था। यूं तो यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन यह एपिसोडिक थी। इसके कुल 15 चैप्टर सिनेमाघरों में रिलीज हुए थे जो हफ्ते में एक बार आते थे। उस वक्त बैटमैन का किरदार लैम्बर्ट हिलियर ने निभाया था और उन्होंने अपने किरदार में जान फूंक दी थी। यह सीरीज इतनी हिट हुई थी कि इसे कोलंबिया पिक्चर्स ने 1954 और 1962 में री-रिलीज किया था। बैटमैन डीसी कॉमिक्स का एक फिक्शनल कैरेक्टर है। इसका असली नाम ब्रूस वेन है जो बहुत अमीर है और गौथम शहर में रहता है।

डर के बाद पहली बार पहुंचे यशराज स्टूडियो

मुंबई। सनी देओल और यशराज फिल्म्स ने साल 1993 में बॉलीवुड को ब्लॉकस्टर फिल्म 'डर' दी थी। लेकिन, इसके बाद उसने फिर दोबारो कभी यश चोपड़ा और आदित्य चोपड़ा के साथ काम नहीं किया। कथित तौर पर सनी देओल का सेट पर वाईआरएफ से झगड़ा हुआ था। लेकिन, अब 30 साल बाद अचानक सनी को आदित्य चोपड़ा के स्टूडियो के बाहर देखा गया। कयास लगने शुरू हो गए कि शायद तीन दशक पुरानी रार अब खत्म हो गई है। चर्चा यह भी शुरू हुई कि क्या 30 साल बाद यह जोड़ी फिर से किसी नई फिल्म की तैयारी में है! सनी देओल यकीनन वाईआरएफ के स्टूडियो पहुंचे थे। लेकिन, यह किसी फिल्म के लिए मुलाकात नहीं थी। असल में एक्टर वहां संगीतकार मिथुन से मिलने गए थे, जिन्हें उन्होंने अपनी अगली फिल्म के लिए साइन किया है।



कांतारा चैप्टर-1 में गुलशन बनेंगे कुलशेखर

मुंबई। कांतारा चैप्टर 1 की रिलीज में जहां अब डेढ़ महीने का वक्त बचा है, वहीं मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म की कास्ट से गुलशन देवैया का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया है। वह फिल्म में कुलशेखर के किरदार में नजर आएंगे। कांतारा चैप्टर 1 ऋषभ शेट्टी की साल 2022 में रिलीज ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कांतारा' का प्रीक्वल है। यह वह फिल्म है, जिसने कन्नड़ सिनेमा को नई ऊंचाइयां दीं। महज 16 करोड़ के बजट में बनी और देश में 309.64 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। यही नहीं, ऋषभ शेट्टी को इसके लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला। 'कांतारा' की रहस्यमयी दुनिया में गुलशन देवैया के किरदार की पहली झलक अपने आप में उत्सुकता को बढ़ाने वाली है। पोस्टर में गुलशन का किरदार शाही अंदाज में सिंहासन पर विराजमान है।

टीवी मसाला

बिंजोला परिवार के आने से गोकुलधाम में बढ़ेगी रौनक

नई दिल्ली। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में जब भूतनी वाला ट्रैक जोड़ा गया तो यह तीन हफ्ते लगातार टीआरपी में नंबर वन रहा, पर इसके बाद इसकी टीआरपी गिर गई। अब मेकर्स एक और ट्विस्ट लेकर आए हैं। 'तारक मेहता' की गोकुलधाम सोसाइटी में अब एक नए परिवार की एंट्री हो गई है, जो ट्विस्ट के साथ कॉमेडी का जायका और बढ़ाएगी। इस परिवार के आने से अब शो में न सिर्फ नए किरदारों की एंट्री हुई है, बल्कि दर्शकों को नई कहानी और नया फ्लेवर देखने को मिलेगा। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में धरती भट्ट, कुलदीप गौर, अक्षान सहरावत और माही भद्रा की नई एंट्री हुई है। कुलदीप गौर शो में रतन बिंजोला नाम के साड़ी बेचने वाले दुकानदार का रोल निभाएंगे, जो जयपुर का रहने वाला है। धरती भट्ट, रतन बिंजोला की पत्नी रूपा के रोल में नजर आएंगी। रूपा एक हाउसवाइफ ही नहीं, बल्कि कंटेंट क्रिएटर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी है। वहीं, अक्षान सहरावत और माही दोनों रतन और रूपा के बच्चों का किरदार निभाएंगे। 'तारक मेहता' में अभी तक टप्पू सेना की थी, जिसने अपनी मासूमियत और शरारतों से गोकुलधाम के निवासियों का ही नहीं, बल्कि दर्शकों भी दिल जीत लिया था। अब टप्पू सेना के अलावा सोसाइटी में दो नए बच्चे आए हैं, जो दर्शकों का दिल जीतने के लिए कमर कस चुके हैं।

केबीसी में दिहाड़ी मजदूर के बेटे ने जीते 25 लाख

नई दिल्ली। कौन बनेगा करोड़पति 17 के लेटेस्ट एपिसोड में हॉट सीट पर गुजरात के दिहाड़ी मजदूर के बेटे संजय देगामा बैठे। अमिताभ बच्चन ने 'फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट' राउंड करवाया, जिसमें संजय देगामा के अलावा

स्नेहा ज्वारे को 'जल्दी 5' राउंड खेलने के लिए चुना गया। इसमें संजय देगामा जीते और उन्होंने हॉट सीट पर बैठने का मौका मिला। संजय देगामा ने 25 लाख रुपए जीते, पर 50 लाख रुपए के लिए पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दे सके। अमिताभ बच्चन ने संजय से जो सवाल पूछा था, वह था: साल 1973 में हैंस एन्गर्ट को हराकर कौन से भारतीय विंबलडन के दूसरे दौर में पहुंचे थे? इसके चार विकल्प दिए गए थे- ए) विरादीप मुखर्जी, बी) गौरव मिश्रा, सी) जयदीप मुखर्जी और डी) नंदन बाल। संजय देगामा को इसका जवाब मालूम नहीं था, इसलिए उन्होंने गेम छोड़ने का फैसला किया। हालांकि, क्विट करने के बाद उन्होंने 50 लाख के सवाल का जवाब दिया। उन्होंने ऑप्शन बी) गौरव मिश्रा चुना, जो गलत जवाब था। सही जवाब ऑप्शन ए) विरादीप मुखर्जी था।

शोले: एक फिल्म जिसने रचे कई कीर्तिमान

डॉ.वशिष्ठ.एम.सी



दशकों से भारतीय दर्शकों का पसंदीदा रही फिल्म ''शोले'' इस साल 50 साल की हो जाएगी। 15 अगस्त, 1975 को यह फिल्म रिलीज़ हुई थी। बॉलीवुड के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुई इस फिल्म के लेखक सलीम-जावेद थे, निर्माता जी. पी. सिप्पी थे और निर्देशक रमेश सिप्पी थे। मुख्य भूमिकाएँ संजीव कुमार, हेमा मालिनी, धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, जयाभादुरी, अमजद खान, असरानी और अन्य कलाकारों ने निभाई थीं। शोले का मूल विषय अच्छाई और बुराई के बीच की लड़ाई है। फ़िल्म की कहानी एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी (संजीव कुमार) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कुख्यात डाकू गब्बर सिंह (अमजद खान) को पकड़ने के लिए दो अपराधियों, वीरू (धर्मेंद्र) और जय (अमिताभ बच्चन) को काम पर रखता है। इसके अलावा, हेमा मालिनी और जया भादुड़ी ने बसंती और राधा की भूमिकाएँ निभाई हैं, जो वीरू और जय की प्रेमिकाएँ हैं। आर. डी. बर्मन ने संगीत दिया है।दो हीरो होने के बावजूद, अमिताभ बच्चन को इस फिल्म से फायदा हुआ। परिणामस्वरूप वे सुपरस्टार बन गए। शोले के बाद अमिताभ बच्चन ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा; उनका स्टारडम बढ़ता गया और उनकी फिल्में व्यावसायिक रूप से अधिक सफल होती गईं। संक्षेप में शोले ने अमिताभ को एक अखिल भारतीय सुपरस्टार बना दिया। ''एंग्री यंग मैन'' के उनके चित्रण को भारत में व्यापक रूप से अपनाया गया। राजेश खन्ना के युग से लेकर अमिताभ बच्चन के युग तक, बॉलीवुड में रोमांटिकतावाद से एक्शन और हिंसा की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव आया। यह फिल्म 15 अगस्त, 1975 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और भारत में आंतरिक आपातकाल के दौरान रिलीज़ हुई थी। शोले के प्रिंट 70 मिमी और 35 मिमी में उपलब्ध थे। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को एक नया खलनायक दिया, अमजद खान, जिन्होंने गब्बर सिंह की भूमिका निभाई। अमजद खान की गब्बर, गब्बर सिंह गुज्जर का एक काल्पनिक संस्करण है, जो एक वास्तविक डाकू था जिसने 1950 के दशक में ग्वालियर के आस-पास के गाँवों में आतंक मचा रखा था। आनंद बख्शी द्वारा लिखित, आर.डी. बर्मन द्वारा संगीतबद्ध और किशोर कुमार व मन्ना डे द्वारा गाए गए इस फ़िल्म के एक प्रसिद्ध गीत 'ये दोस्ती' को सर्वश्रेष्ठ दोस्ती गीत कहा जाता है। 'महबूबा महबूबा' को इसके संगीतकार आर.डी. बर्मन ने गाया था, जिन्हें उनके अभिनय के लिए पार्श्व गायन के एकमात्र फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। फ़िल्मों के संवाद जैसे 'कितने आदमी थे, 'जो डर गया, समझो मर गया', और 'बहुत याराना लगता है' आदि भारत में लोकप्रिय हो गए हैं। लोग इन और अन्य सामान्य बोलचाल की भाषाओं का प्रयोग अपनी रोज़मर्रा की बातचीत में करने लगे हैं। हर तरह से, इस फिल्म ने सामान्य रूप से भारतीय सिनेमा और विशेष रूप से बॉलीवुड के लिए एक मानक स्थापित किया। शोले को अभी भी एक ऐसी फिल्म के रूप में माना जाता है जिसने दूसरों के लिए मार्ग प्रशस्त किया, भले ही भारतीय सिनेमा ने तब से काफी प्रगति की है। ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट द्वारा 2002 के एक सर्वेक्षण में शोले को अब तक की शीर्ष 10 भारतीय फिल्मों में स्थान दिया गया था। शोले की अर्ध शताब्दी वर्षगांठ के अवसर पर, यह फिल्म एक नई पीढ़ी को रोमांचित करने के लिए - पचास वर्षों के अंतराल के बाद - फिर से सिनेमाघरों में आ रही है।

किरदार, संवाद और दोस्ती बनी भारत की सामूहिक याद

जब संवाद, पात्र और दृश्य लोकप्रिय लोककथाओं का हिस्सा बन जाते हैं, राष्ट्रीय स्मृति के ताने-बाने में समा जाते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी चलते रहते हैं, तब सिनेमा का जादू महसूस होता है। 'शोले' ऐसी ही फिल्म है, और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने फिल्म देखी है या नहीं। इस फिल्म को रिलीज हुए 50 साल हो गए हैं। यह एक 'कल्ट क्लासिक' बन चुकी है जिसे आज भी लोग देखते हैं और जिसका जिक्र लगभग हर मौके पर किया जाता है। और फिर, बैठक में देर से आने वाला कोई व्यक्ति जब कहता है, 'इतना सन्नाटा क्यों है भाई' तो सभी मुस्कुरा उठते हैं, जुड़ाव तुरंत हो जाता है। इस फिल्म से सभी अच्छी तरह वाकिफ हैं। रमेश सिप्पी की यह उत्कृष्ट कृति, जिसमें हास्य और रोमांस, मारधाड़ और त्रासदी का मिश्रण था, 15 अगस्त, 1975 को रिलीज हुई थी और इसकी अवधि तीन घंटे से ज्यादा थी। शुरुआत में इसे दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया नहीं मिली, लेकिन बाद के हफ्तों में इसका जादू छा गया। यही वह समय था जब 70 मिमी के परदे पर इतिहास रचा जा रहा था। संजीव कुमार, धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, हेमामालिनी, जया बच्चन और 'गब्बर सिंह' का किरदार निभाने वाले अमजद खान समेत सभी कलाकारों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। लेकिन ठाकुर, जय, वीरू, बसंती और गब्बर ही ऐसे कलाकार नहीं हैं जो समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। एक-दो दृश्यों में मौजूद कई चरित्र कलाकारों को भी याद किया जाता है. कुछ को उनके संवादों के लिए याद किया जाता है। ए.के. हंगल द्वारा निभाया गया वृद्ध व अंधा पिता, जो इस बात से अनजान है कि उसका बेटा मारा गया है और वह पूछ रहा है कि लोग इतने शांत क्यों हैं या मैकमोहन, जो सांबा के रूप में प्रसिद्ध हुए और बस एक संवाद 'पूरे पचास हजार' बोला। मौसी, सूरमा भोपाली, 'अंग्रेजों के ज़माने के जेलर', कालिया याद हैं। ये फिल्म के कई किरदारों में से कुछ हैं, जो दर्शकों को हंसी से लेकर, डर तक महसूस कराते हैं। हर किरदार अपने आप में नायाब है। सलीम-जावेद की प्रसिद्ध पटकथा लेखक जोड़ी के एक सदस्य जावेद अख्तर ने कहा, 'ये (संवाद) भारतीय संस्कृति और आम बोलचाल का हिस्सा बन गए हैं। 50 साल पहले बनी एक फिल्म और आज तक इसके संवाद स्टैंड-अप कॉमेडी में इस्तेमाल किए जाते हैं। इसके संदर्भ दूसरी फिल्मों में भी इस्तेमाल किए जाते हैं और भाषा में भी, यहां तक कि राजनीतिक भाषणों और अन्य जगहों पर भी 'सलीम खान के साथ मिलकर इस फिल्म की पटकथा लिखने वाले अख्तर ने कहा कि फिल्म का कैनवास ऐसा था कि यह कालातीत हो गई। अख्तर ने कहा, 'इसमें सभी मानवीय भावनाओं का मिश्रण था। इसके लिए कोई सचेत प्रयास नहीं किया गया। यह बस हो गया।' फिल्म विद्वान, इतिहासकार और 'क्यूरेटर' अमृत गंगर के अनुसार, ''यह ऐसी बेहतरीन फिल्म है जिसमें सब चीजें थीं। भोजन की ऐसी थाली जिसमें कई व्यंजन होते हैं।'' उनके विचार से, जनता की कल्पना पर इस तरह का प्रभाव डालने वाली एकमात्र अन्य फिल्म 'मुगल-ए-आजम' है। उन्होंने कहा, ''शोले' बिना किसी भव्यता के जादू करती है, लेकिन इसमें शब्दों की ताकत है।'' 'मुगल-ए-आजम' एक ऐतिहासिक प्रेमकथा है, जबकि 'शोले' आजादी के बाद के ग्रामीण भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित है। महिला किरदारों से फिल्म में चार चांद लग जाता है, चाहे वो बड़बोली व तांगा चलाने वाली बसंती (हेमामालिनी) हो या खामोश विधवा राधा (जया बच्चन), बसंती और वीरू के बीच के चुलबुले रोमांस को जय और सफ़ेद साड़ी पहनने वाली विधवा के बीच के अनकहे प्यार के साथ खूबसूरती से पेश किया गया है और दोनों ही आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। प्रतिशोधी ठाकुर (संजीव कुमार) एक ईमानदार और प्रगतिशील व्यक्ति है जो चाहता है कि उसकी बहू को फिर से प्यार मिले। सलीम-जावेद न सिर्फ़ समय के साथ चलने की कोशिश कर रहे थे, बल्कि उससे आगे भी थे। उनकी कल्पना ने हिंदी सिनेमा के सबसे चर्चित खलनायक को जन्म दिया। गब्बर सिंह, बिना किसी पृष्ठभूमि वाले डाकू ने ख़तरनाक शब्द को नयी परिभाषा दी। उनके कई संवाद बार-बार दोहराये जा चुके हैं- 'कितने आदमी थे', 'जो डर गया, समझो मर गया', 'पचास, पचास कोस...'फिल्म इतिहासकार, लेखक और अभिलेख विशेषज्ञ एस एम एम औसजा ने कहा कि 'शोले' उन दुर्लभ घटनाओं में से एक है, जब फिल्म के हर विभाग ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, 'यह एक अनोखा मामला है जहां सब कुछ सही जगह और सही समय पर हुआ।



कोहली के 17 साल, वनडे में ठोके 51 शतक, दर्ज हैं कई विराट रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 17 साल पूरे किए हैं। उन्होंने 18 अगस्त 2008 को श्रीलंका क्रिकेट टीम के पहला वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। वह टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं और उन्होंने सिर्फ वनडे क्रिकेट में खेलना जारी रखा है। अपने बेमिसाल करियर में उन्होंने विश्व क्रिकेट के कई अहम रिकॉर्ड्स बनाए हैं।

वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक शतक

कोहली वनडे में सबसे अधिक शतक जमाने वाले बल्लेबाज हैं। वनडे विश्व कप 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में अपने वनडे क्रिकेट करियर का 50वां शतक जमाया था। ऐसा कर उन्होंने पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर (49) का रिकॉर्ड तोड़ा था। कोहली के नाम फिलहाल 51 वनडे शतक हैं। इन दोनों के बाद सूची में भारतीय कप्तान रोहित (32), ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (30), श्रीलंका के सनथ जयसूर्या (28) और दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमला (27) हैं।

वनडे में तीसरे सर्वाधिक रन

कोहली वनडे क्रिकेट में तीसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह अब तक 302 वनडे मैचों में 57.88 की औसत और 93.34 की स्ट्राइक रेट से 14,181 रन बना चुके हैं। इस सूची में पहले नंबर पर तेंदुलकर हैं जिन्होंने अपने वनडे क्रिकेट करियर में 463 मैचों में 44.83 की औसत से 18,426 रन बनाए थे। दूसरे नंबर पर श्रीलंका पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज संगाकारा हैं। उन्होंने 404 मैचों में 41.98 की औसत से 14,234 रन बनाए थे।

टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय कप्तान हैं कोहली

कोहली ने कप्तान के तौर पर 68 टेस्ट खेले, जिसमें 5,864 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 20 शतक और 18 अर्धशतक लगाए थे। कोहली के बाद दूसरे सर्वाधिक टेस्ट रन वाले भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हैं। धोनी ने भारत की कप्तानी करते हुए 40.64 की औसत से 3,454 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 5 शतक और 24 अर्धशतक लगाए थे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 से अधिक रन

कुल मिलाकर कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सभी प्रारूपों में 27,599 रन बनाए हैं, जो केवल तेंदुलकर (34,357) और संगकारा (28,016) से पीछे हैं। कोहली के 82 अंतरराष्ट्रीय शतक तेंदुलकर (100) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा हैं। कोहली के नाम रिकॉर्ड 143 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक भी हैं। कोहली 3 अलग-अलग टीमों के खिलाफ 8 या उससे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं।

भारत से चौथे सर्वाधिक टेस्ट रन वाले बल्लेबाज

कोहली ने अपने टेस्ट करियर का अंत 9,230 रन के साथ किया था। उन्होंने नाबाद 254 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 30 शतक और 31 अर्धशतक लगाए थे। वह टेस्ट में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज है। उनसे आगे सिर्फ तेंदुलकर (15,921), राहुल द्रविड़ (13,265) और सुनील गावस्कर (10,122) ही हैं।

टी-20 अंतरराष्ट्रीय में तीसरे सर्वाधिक रन वाले खिलाड़ी

कोहली ने अपने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज साल 2010 में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के खिलाफ किया था। उन्होंने अपने करियर में 125 मुकाबलों की 117 पारियों में 4,188 रन बनाए हैं। उन्होंने 1 शतक के अलावा 38 अर्धशतक भी जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 122* रन का रहा है। वह रोहित शर्मा (4,231) और बाबर आजम (4,223) के बाद तीसरे सर्वाधिक रन वाले खिलाड़ी हैं।

खबर संक्षेप

इगा ने जीता सिनसिनाटी ओपन का खिताब

सिनसिनाटी (अमेरिका)। विश्व में तीसरी रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सातवें नंबर की जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर पहली बार सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। स्वियातेक सिनसिनाटी ओपन में अपने पिछले छह मुकाबलों में सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थीं। वह पिछले दो वर्षों में सिनसिनाटी में सेमीफाइनल तक पहुंची थीं, लेकिन 2023 में कोको गॉफ और 2024 में एरीना सबालेंका से हार गईं थी। स्वियातेक मैच जीतकर अपने करियर का 24वां एकल खिताब हासिल करने में सफल रहीं। पाओलिनी ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन स्वियातेक ने वापसी करते हुए स्कोर 5-3 कर दिया। पाओलिनी ने सर्विस तोड़कर स्कोर 5-5 से बराबर कर लिया लेकिन स्वियातेक पहला सेट 56 मिनट में जीतने में सफल रही। स्वियातेक के मैच के आठवें ऐस ने उन्हें दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त दिला दी।

शॉ ने बुची बाबू टूर्नामेंट में जड़ा शानदार शतक

चेन्नई। भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने मंगलवार को चेन्नई में खेले जा रहे बुची बाबू टूर्नामेंट 2025 के पहले राउंड के दूसरे दिन महाराष्ट्र क्रिकेट टीम की ओर से खेलते हुए अपने पहले ही मुकाबले में शतक जड़कर दमदार वापसी की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 122 गेंदों में 14 चौके और 1 छक्के की मदद से शानदार शतक लगाया। बता दें कि शॉ ने घरेलू क्रिकेट के इस सत्र में मुंबई की जगह महाराष्ट्र से खेलने का फैसला किया था। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 252 रन बनाए थे। जवाब में महाराष्ट्र के लिए शॉ और सचिन धस (10) ने पहले विकेट के लिए 71 रन जोड़े, लेकिन उसके बाद टीम ने 15 रन के अंदर 4 विकेट गंवा दिए। रुतुराज गायकवाड़ और कप्तान अंकित बावने भी सस्ते में आउट हो गए।

सिंकफील्ड कपः प्रज्ञाननंदा ने गुकेश को हराया

सेंट लुई (अमेरिका)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर लाइव विश्व रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर लिया। प्रज्ञाननंदा अब अमेरिका के लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। इस 350,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी आठ राउंड होने बाकी हैं। अभी प्रज्ञाननंदा और अरोनियन के बाद छह खिलाड़ी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। गुकेश और अब्दुसत्तोरोव को अभी खाता खोलना है।

एशिया कप की शुरुआत 9 सितंबर से, 14 को पाकिस्तान से मुकाबला

भारतीय टीम का ऐलान, सूर्य कप्तान, शुभमन उपकप्तान, बुमराह खेलेंगे, यशस्वी-अय्यर बाहर

रॉयल पत्रिका

एशिया कप के आगामी संस्करण की शुरुआत 9 सितंबर से होनी है, जिसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम का ऐलान किया है। टी-20 प्रारूप में होने वाले अगले संस्करण के लिए सूर्यकुमार यादव को टीम का कप्तान बनाया गया है। वह इस टूर्नामेंट के लिए फिट हो चुके हैं। शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है। उनके साथ-साथ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी टीम में चुने गए हैं। आइए भारत की टीम पर एक नजर डालते हैं।

जायसवाल-अय्यर का नहीं हो सका चयन

यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर का टीम में चयन नहीं हुआ है। जायसवाल ने भारतीय टीम से 23 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 36.15 की औसत और 164.31 की स्ट्राइक रेट के साथ 723 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 5 अर्धशतक लगाए थे। अय्यर ने भारत की ओर से अब तक 51 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें 30.66 की औसत और 136.12 की स्ट्राइक रेट के साथ 1.104 रन बनाए हैं।

ग्रुप-ए : भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान की टीम है।

ग्रुप-बी : बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और हांगकांग की टीम है।

भारत-पाकिस्तान में होगी भिड़ंत

भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई क्रिकेट टीम के खिलाफ करेगा, जबकि बहुप्रतीक्षित भारत-पाकिस्तान मुकाबला 14 सितंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 19 मैच खेले जाएंगे, जिनमें ग्रुप चरण के बाद सुपर-4 के 6 मुकाबले और फिर 28 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा। सभी मुकाबले यूएई में ही खेले जाएंगे।

एशिया कप के लिए ऐसी है भारत की टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, और जितेश शर्मा।

ये खिलाड़ी हैं स्टैंडबाई में शामिल

प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर, रियान पराग, ध्रुव जुरेल और जायसवाल को स्टैंडबाई खिलाड़ियों के तौर पर चुना गया है। तेज गेंदबाज कृष्णा आईपीएल 2025 में पर्पल कैप हासिल करने वाले खिलाड़ी बने थे। उन्होंने 19.52 की औसत के साथ 15 मैचों में 25 विकेट लिए थे। वह इंग्लैंड दौरे पर भी टेस्ट सीरीज में खेलते हुए नजर आए थे। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का भी चयन नहीं हुआ है।

धोनी की कप्तानी में भारत ने 1 बार जीता है एशिया कप

अब तक 2 एशिया कप टी-20 प्रारूप में खेले गए हैं, जिसमें से 1 में भारतीय टीम विजेता बनी थी। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में 2016 में खेले एशिया कप को भारत ने जीता था। खिताबी मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया था। इसके बाद 2022 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलते हुए भारतीय टीम सुपर-4 चरण से भी आगे नहीं बढ़ सकी थी।

एशिया कप हॉकी

पाक-ओमान नहीं, बांग्लादेश और कजाखस्तान खेलेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान और ओमान की जगह बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से होने वाले पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में बांग्लादेश और कजाखस्तान खेलेंगे। टूर्नामेंट के शेड्यूल के अनुसार मेजबान भारत को चीन, जापान और कजाखस्तान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है जबकि पूल बी में मलेशिया, कोरिया, चीनी ताइपे और बांग्लादेश को जगह मिली है।

मलेशिया और बांग्लादेश के मुकाबले के साथ 29 अगस्त को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। प्रतियोगिता के पहले दिन के अंतिम मुकाबले में भारत और चीन आमने-सामने होंगे। फाइनल, तीसरे स्थान का प्ले ऑफ और पांचवें-छठे स्थान का क्लासीफिकेशन मुकाबला सात सितंबर को होगा।

पाक ने किया इनकार बांग्लादेश को मिली जगह

भारत सरकार ने कहा था कि वह टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा मुहैया कराएगी लेकिन पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने सुरक्षा कारणों से यात्रा करने से इनकार कर दिया। आयोजकों ने आठ टीम के इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह लेने के लिए पहले ही बांग्लादेश से संपर्क कर लिया था। यह टूर्नामेंट 2026 विश्व कप की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता भी है।

केंद्रीय अनुबंध में पाक का एक भी क्रिकेटर ए श्रेणी नहीं

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने केंद्रीय अनुबंध पाने वाले खिलाड़ियों की सूची जारी की जिसमें पूर्व कप्तान बाबर आजम और वर्तमान वनडे कप्तान मोहम्मद रिजवान को एक पायदान नीचे श्रेणी 'बी' में रखा गया है। पीसीबी को असल में कोई भी क्रिकेटर एलीट श्रेणी में शामिल होने लायक नहीं लगा और उसने 30 खिलाड़ियों को श्रेणी 'बी', 'सी' और 'डी' में रखा है। केंद्रीय अनुबंध एक जुलाई से प्रभावी माना जाएगा।

बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर

तन्वी, उन्नति और भार्गव भारतीय टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेजी से उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा, भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू छह से 19 अक्टूबर तक गुवाहाटी में होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में 25 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। भारतीय टीम में एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता वेन्नाला कलागोटला और रक्षिता श्री भी शामिल हैं। सुहांदिनाता कप (मिश्रित टीम चैंपियनशिप) छह से 11 अक्टूबर तक खेला जाएगा, जिसके बाद 13 से 19 अक्टूबर तक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में व्यक्तिगत स्पर्धाएं होंगी। देश ने अब तक इस प्रतियोगिता में चार रजत और छह कांस्य सहित 11 पदक जीते हैं।

भारतीय टीम इस प्रकार है

लड़कों के एकल (अंडर19): रौनक चौहान, ज्ञान दत्तू टी.टी., लालथजुआला एच, सूर्याक्ष रावत

लड़कियों के एकल (अंडर 19): तन्वी शर्मा, वेन्नाला कलागोटला, उन्नति हुड्डा, रक्षिता श्री एस।

लड़कों के युगल (अंडर19): सुमिथ ए.आर./भाव्या छाबड़ा, भार्गव राम अरिगेला/विश्व तेज गोबुरु, विष्णु केदार कोडे/मिथिलेश पी. कृष्णन

लड़कियों के युगल (अंडर19): वेन्नाला कलागोटला/रेशिका यू, गायत्री रावत/मनसा रावत, आन्या बिष्ट/एंजेल पुनेरा

मिश्रित युगल (अंडर19): भाव्या छाबड़ा/विशाखा टोप्पो, लालरामसंगा सी/तारिणी सूरी, विष्णु केदार कोडे/कीर्ति मनचला, वंश देव/डियांका वाल्डिया।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 98 रनों से हराया

प्रोटियाज टीम ने हासिल की 1-0 से बढ़त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने मंगलवार को वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को 98 रनों से बड़े अंतर से हरा दिया। इसके साथ ही प्रोटियाज टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 296/8 का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। जवाब में कंगारू टीम 198 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

अफ्रीका ने ऐसे जीता मुकाबला

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। प्रोटियाज टीम ने एडेन मार्करम (82), कप्तान तेम्बा बावुमा (65) और मैथ्यू ब्रीट्जके (57) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर निर्धारित 50 ओवर में 296/8 का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में कंगारू टीम से मिचेल मार्श (88) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया और पूरी टीम 40.5 ओवर में 198 रनों पर सिमट गई।

हरमनप्रीत संभालेंगी टीम इंडिया की कमान प्रतिका को मिला स्थान, शेफाली को आराम

एजेंसी ▶▶| कजाकिस्तान

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने महिलाओं के वनडे विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा की है। अगले माह 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में खेले जाने वाले अगले विश्व कप संस्करण में हरमनप्रीत कौर ही भारतीय टीम की कमान संभालेंगी, जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तान की भूमिका में बरकरार रहेंगी। विश्व कप की टीम में शेफाली वर्मा को नहीं चुना गया है।

ऑस्ट्रेलिया से 3 मैचों की वनडे सीरीज भी

बता दें कि विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम को 14, 17 और 20 सितंबर को भारत दौरे पर 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। सलामी बल्लेबाज रहेंगी प्रतिका रावल शेफाली की जगह पर बेस्ट बल्लेबाज प्रतिका रावल को सलामी बल्लेबाज के रूप में टीम में चुना गया है। प्रतिका ने अब तक प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। उन्होंने 14 वनडे मैचों में 54.08 की औसत से 703 रन बनाए हैं। दूसरी तरफ अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रही शेफाली आखिरी बार वनडे में अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली थी। उन्होंने 2024 में 6 पारियों में 18.00 की औसत से 108 रन बनाए थे। फिलहाल इस सीरीज में उन्हें आराम दिया गया है।

एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप : भारत के खाते में अब तक पांच स्वर्ण

मनु ने कांस्य, जूनियर वर्ग में रश्मिका ने जीता तीसरा स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| कजाकिस्तान

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने मंगलवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। रश्मिका सहगल ने जूनियर महिला एयर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक हासिल किया। रश्मिका ने व्यक्तिगत के साथ टीम स्पर्धा में भी शीर्ष स्थान हासिल किया।

रश्मिका ने फिर से कमाल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में भारत का तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। भारत ने प्रतियोगिता में अब तक पांच स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं।

चीन को स्वर्ण, कोरिया को मिला रजत पदक

मनु भाकर ने आठ महिलाओं के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की कियान्के मा ने 243.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की जिन यांग को 241.6 अंक के साथ रजत पदक मिला।

रश्मिका ने कोरियाई खिलाड़ी को पछाड़ा

रश्मिका ने फिर से कमाल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में भारत का तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 241.9 का स्कोर करके रजत पदक जीतने वाली कोरियाई हान सेउंगह्यून को 4.3 अंक की बड़े अंतर से पछाड़ा। उन्होंने इस स्पर्धा में वंशिका चौधरी (573) और मोहिनी सिंह (565) के साथ मिलकर टीम स्वर्ण पदक जीता। भाकर ने क्वालीफिकेशन में 583 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहकर फाइनल में प्रवेश किया था।

अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

भारत की अन्य खिलाड़ियों में इस प्रतियोगिता में केवल रैंकिंग अंकों के लिए भाग ले रही ईशा सिंह 577 अंकों के साथ नौवें, सुरुचि सिंह 574 अंकों के साथ 12वें, पलक 573 अंकों के साथ 17वें और सुरभि राव 570 अंकों के साथ 25वें स्थान पर रहीं। भाकर, सुरुचि सिंह और पलक की तिकड़ी टीम स्पर्धा में 1730 के कुल स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रही।

क्वालीफिकेशन में शीर्ष में रहीं येजिन

कोरिया की येजिन ओह ने 585 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन वह केवल रैंकिंग अंक के लिए इस प्रतियोगिता भाग ले रही थीं, जिससे चीन की कियानक्सुन याओ शीर्ष रैंक की निशानेबाज के रूप में फाइनल में पहुंच गईं।

कोहराम....14 लोगों की मौत, मायानगरी हो गई पूरी तरह से 'जाम'

महाराष्ट्र में बारिश बनी आफत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में बीते कुछ दिनों से हो रही बारिश ने लोगों की आफत बढ़ा रखी है। राज्य में लगातार हो रही बारिश और बाढ़ से अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि सैकड़ों लोगों को बचाया गया है। नांदेड़ में बादल फटने के बाद आई बाढ़ में 8 लोगों की मौत हो गई। जबकि अलग-अलग घटनाओं में 6लोगों ने जान गंवा दी।

भारी बारिश के कारण बाढ़, सड़कें जाम होने और फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। रेल यातायात भी पुरी तरह से प्रभावित हुआ है। इसके साथ ही उड़ानों पर भी असर पड़ा है। लोगों को चेतावनी जारी की गई थी कि बेवजह घर से न निकलें।

सीएम फडणवीस बोले- अगले 48 घंटे बेहद अहम

नवी मुंबई सब-वे बंद, 4 से 5 फीट तक पानी जमा

वसई विरार महानगर पालिका भी जलमग्न

नालासोपारा और वसई रोड स्टेशन के बीच कई ट्रेनें प्रभावित

290 लोगों को बचाया, सेना तैनात : मुख्यमंत्री

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने लोगों से कहा है कि आगामी 48 घंटे बेहद अहम हैं, वे सावधानी बरतें। प्रशासन भी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। सीएम ने बताया कि नांदेड़ जिले के बाढ़ प्रभावित गांवों से 290 से अधिक लोगों को बचाया गया है। क्षेत्र में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और सेना को तैनात किया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के कारण 12 से 14 लाख एकड़ भूमि पर लगी फसलें नष्ट हो गई हैं। मुंबई की जीवनरेखा कही जाने वाली लोकल ट्रेनें या तो धीमी हो गई हैं या देरी से चल रही हैं। मीठी नदी मुंबई में खतरे के निशान तक पहुंच गई है और 400 से 500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना पड़ा है।

नांदेड़ में बाढ़ से 8 की मौत मुंबई में 300 मिमी बारिश

नांदेड़ जिले में बादल फटने के कारण आई बाढ़ में 8लोगों की मौत हो गई जबकि मुंबई में करीब 300 मिमी बारिश दर्ज की गई। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे स्थिति पर नजर रख रहे हैं। मुंबई में भारी बारिश से भी ज्यादा बारिश हुई है। कुछ इलाकों में 300 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हुई है। यह रिकॉर्ड बारिश है। इसके चलते मुंबई के कई हिस्सों में पानी जमा हो गया है।

ठाणे में सड़कों पर तैरने लगे सांप

महाराष्ट्र में बारिश आफत बनकर बरस रही है. मुंबई से लेकर ठाणे तक हर जगह पानी से पूरी तरह तरबतर हो चुकी है। सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि भारी बारिश में सड़कों और घरों में भरे पानी में सांप तैरते नजर आ रहे हैं। दैघर गांव, जो ठाणे नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आता है, वहां कई घरों में पानी घुस गया है और गलियों में जमा पानी में सांप तैरते हुए देखे गए हैं, जिससे स्थानीय लोग सहम गए हैं।

बिना बिजली रुकी मोनोरेल क्रेन से निकाले गए यात्री

भारी बारिश ने देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिए हैं। बिजली आपूर्ति रुकने की वजह से मुंबई मोनोरेल भी बीच रास्ते में ही अटक गई। कई घंटे फंसे रहने के बाद यात्रियों को क्रेन की मदद से निकाला गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मैसूर कॉलोनी स्टेशन के करीब एक मोनोरेल रास्ते में ही फंस गई। यात्री बिना एसी के करीब कई घंटे तक ट्रेन के अंदर ही फंसे रहे। वहीं सीएम ने घटना की जांच कराने की बात कही है।

खबर संक्षेप

जालंधर में महिला सहित 3 की दर्दनाक मौत

जालंधर। यहां एक दर्दनाक सड़क हादसे ने सबको झकझोर कर रख दिया। दिल्ली से आ रही पंजाब

रोडवेज की एक बस जब कपूरथला रोड स्थित सेठ हुक्म चंद कॉलोनी के पास पहुंची, तभी ड्राइवर को नींद आ गई। गाड़ी सड़क के दूसरी ओर चली गई। सामने से आ रहे एक टेंपो में महिला और दो युवक सवार थे।

प्रिंसिपल ने छात्र को पीटा, कान का पर्दा फटा

कासरगोड। स्कूलों में छात्रों की पिटाई की कई खबरें सामने आती रहती हैं। कई बार ये पिटाई इतनी

भयानक हो जाती है कि छात्रों के मन में हमेशा के लिए खौफ भर जाता है। केरल के कासरगोड जिले से। यहां एक प्रधानाध्यापक यानी कि प्रिंसिपल ने छात्र को पीटा और उसके कान का पर्दा तक फाड़ दिया। उन पर केस दर्ज किया है।

भिवानी, चरखी दादरी में इंटरनेट सेवाएं बंद

भिवानी। हरियाणा सरकार ने 19 साल की महिला टीचर की मौत को लेकर उपजे भारी जनाक्रोश के

बीच मंगलवार को भिवानी और चरखी दादरी जिलों में 48 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट, बल्क एसएमएस और डोंगल सेवाओं को सस्पेंड करने का आदेश जारी किया। शांति भंग होने की आशंका के चलते फैसला लिया गया है।

पत्नी का कत्ल कर कब्रिस्तान में दफनाया

नई दिल्ली। दिल्ली के महरौली इलाके से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक

शख्स ने पत्नी की हत्या कर दी। उसे अपनी पत्नी पर बेवफाई का शक था। हत्या के बाद उसने अपने दोस्तों की मदद से शव को कब्रिस्तान में दफना दिया। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए पति सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

संसद से सड़क तक बिहार में एसआईआर के मुद्दे पर तकरार, पक्ष- विपक्ष में वार-पलटवार

संसद परिसर में किया विरोध प्रदर्शन सांसदों ने लगाए 'वोट चोर' के नारे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्षी नेताओं ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग के खिलाफ अपना हमला तेज कर दिया और संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी सांसदों ने चुनाव आयुक्तों की तस्वीरों वाला एक विशाल बैनर पकड़ा था। ये लोग चुनाव आयोग के खिलाफ नारे लगा रहे थे। इस बैनर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और पैनल के अन्य दो निर्वाचन आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की तस्वीर थी और उस पर 'वोट चोर' और 'मौन अदृश्य धांधली' लिखा हुआ था।

निष्पक्ष चुनावों पर उठाए गंभीर सवाल

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में संसद में अपने विरोध प्रदर्शन का एक वीडियो साझा किया। उन्होंने हिंदी में किए गए पोस्ट में कहा निर्वाचन आयोग अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी से भाग नहीं सकता। इंडिया' गठबंधन ने सबूतों के साथ स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर गंभीर सवाल उठाए हैं, जिनका जवाब निर्वाचन आयोग को विपक्ष को डराकर नहीं, बल्कि जांच करके देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सड़कों से लेकर संसद तक, मताधिकार की लड़ाई जारी है।

इस मुद्दे पर कर रहे चर्चा की मांग

विपक्ष का आरोप है कि निर्वाचन आयोग की इस कवायद का उद्देश्य इस साल के आखिर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों से पहले "मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना है। विपक्षी सदस्य इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं।

राहुल ने बोला 'आयोग' पर हमला भाजपा और ईसी कर रहे वोट चोरी

एजेंसी ▶▶ नवादा

बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के तीसरे दिन राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने बिहार की सियासत में गरमाहट बढ़ा दी। राहुल गयाजी से नवादा पहुंचे, जहां उन्होंने चुनाव आयोग और भाजपा पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि दोनों मिलकर लोगों के वोट चुरा रहे हैं। राहुल ने कहा कि बिहार में लाखों लोगों का नाम वोटर लिस्ट से काट दिया गया है। चुनाव आयोग और भाजपा के बीच पार्टनरशिप है। नरेंद्र मोदी, अमित शाह और चुनाव आयुक्त मिलकर जनता से वोट छीन रहे हैं। लेकिन मैं, तेजस्वी और विपक्षी नेता वोट चोरी नहीं होने देंगे। महाराष्ट्र, हरियाणा और मध्य प्रदेश के चुनाव में भी इन लोगों ने यही किया है।

प्रियंका ने कहा- कैसा हलफनामा

प्रियंका गांधी ने कहा कि इससे बड़ी शपथ क्या होगी जो हम लोकसभा में लेते हैं? ये जो हलफनामा मांग रहे हैं, ये बेकार की बात है। जैसे ही हलफनामा आएगा, वे कहेंगे कि ये 45 दिन बाद दिया था, इसलिए इसे रद्द कर देंगे। ये सब बकवास है, सच्चाई सबके सामने है, सच्चाई का जवाब दें। 100-100 लोग जीरो एड्रेस पर क्यों हैं, इतने लोग एक एड्रेस पर कैसे हैं?

राहुल को बनाएंगे अगला पीएम: तेजस्वी

वोटर अधिकार यात्रा' के बीच आरजेडी के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में वे पूरी ताकत से काम करेंगे ताकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बन सकें। तेजस्वी यादव ने कहा कि मौजूदा हालात में विपक्ष को एकजुट होकर चुनाव लड़ना होगा।

क्रिटिकल मिनरल्स बिल संसद में पास

संसद में मंगलवार को एक बड़ा बिल पास हुआ खनिज और खनन (विकास और विनियमन) संशोधन बिल, 2025। इसका मकसद है भारत के खनन सेक्टर को ज्यादा खुला, आधुनिक और तेज-तर्रार बनाना। खासकर उन खनिजों पर फोकस रहेगा, जिन्हें "क्रिटिकल और स्ट्रैटेजिक मिनरल्स कहा जाता है। अब राज्यसभा ने भी इसे पास कर दिया, वो भी वॉयस वोट से।

राज्य सरकार गरीबों का मकान नहीं बना रही

शिवराज ने कहा कि हम पैसा दे रहे हैं गरीबों के घर बनाने के लिए और तमिलनाडु की सरकार मकान स्वीकृत ही नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि ये गरीबों के साथ धोखा है, पाप है, अन्याय है। शिवराज ने आगे कहा कि तीन लाख से ज्यादा मकानों के लिए पैसा दिया जा चुका है, लेकिन मकानों के निर्माण पूरे ही नहीं हुए हैं।

बिहार में वोट कटने की कहानी निकली झूठीः बोली महिला

पटना/रोहतास। राहुल गांधी से मुलाकात कर वोट कटने की शिकायत करने वाली महिला रंजू देवी के दावे की हकीकत सामने आ गई है। रंजू देवी और उनके परिवार का नाम मतदाता सूची में मौजूद है। रंजू देवी ने बताया कि उनके वार्ड सचिव ने कहा था कि उनका और उनके परिवार का नाम मतदाता सूची में नहीं है। इसे राहुल गांधी को बता दो।

राहुल की गाड़ी के नीचे आया पुलिसकर्मी

वोटर अधिकार यात्रा तीसरे दिन नवादा पहुंची। हालांकि, इस दौरान राहुल की गाड़ी के नीचे सुरक्षा में तैनात एक पुलिसकर्मी आ गया। वहां पर मौजूद अन्य सुरक्षाकर्मियों ने जल्दी से खींचकर पुलिसकर्मी को बाहर निकाला। राहुल ने फिर जवान से उसका हालचाल पूछा। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

भाजपा ने किया विपक्ष के नेता पर बड़ा हमला

राहुल झूठ की दुकान चला रहे

भाजपा नेता गौरव भाटिया ने राहुल पर करारा हमला बोला है। सुप्रीम कोर्ट ने फर्जी मतदान को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि यह कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। गौरव ने कहा कि राहुल गांधी झूठ की दुकान/शोरूम चला रहे हैं, मोहब्बत की दुकान नहीं।

19 दिन बाद भी नहीं मिली आपत्ति, 13 दिन शेष

भारत निर्वाचन आयोग ने कहा, 19 दिन में एसआईआर पर किसी भी राजनीतिक दल की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। किसी भी राजनीतिक दल की ओर से कोई दावा या आपत्ति दर्ज नहीं की गई है। दावे और आपत्तियां दाखिल करने के लिए अब केवल 13 दिन बचे हैं।

महाराष्ट्र में वोटर बढ़े, विवाद निकला झूठ

संजय ने डेटा को गलत बताकर मांगी माफी

लोकनीति-सीएसडीएस के को-डायरेक्टर और जाने-माने चुनाव विश्लेषक संजय कुमार ने एक्स पर 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच महाराष्ट्र के दो विधानसभा क्षेत्रों नासिक पश्चिम और हिंगना में मतदाताओं की संख्या में भारी बढ़ोतरी की जानकारी दी थी। अब उन्होंने गलती के लिए माफी मांगी है।

भाजपा ने कहा- लापरवाही की, झूठे बयान दिए

भाजपा ने संजय की कड़ी आलोचना करते हुए उन्हें 'लापरवाह' बताया और उन पर चुनावी धोखाधड़ी के विपक्ष के दावे को हवा देने का आरोप लगाया। अमित मालवीय ने कहा है कि यह कोई ईमानदार गलती नहीं थी। गलत आंकड़े जारी कर दिए। हम इन्हें चुटकी भर नहीं, बल्कि नमक की बोरी की तरह लें।

1 नवंबर राज्योत्सव के दिन प्रस्तावित है नई विधानसभा का लोकार्पण

डॉ. रमन सिंह का न्योता स्वीकार्य, लगी मुहर

पीएम मोदी करेंगे नए विधानसभा भवन का लोकार्पण, बिड़ला करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता

रॉयल पत्रिका

छत्तीसगढ़ राज्य का जन्मदिन इस बार बेहद खास होगा। राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष से लेकर भाजपा अध्यक्ष तक सब की मौजूदगी में राज्योत्सव की धमक ऐतिहासिक होगी। राज्य को आकार लिए 25 वर्ष बीत गए। झारखंड और उत्तराखंड के साथ बने छत्तीसगढ़ ने कहीं ज़्यादा और कहीं ऊंचा मुकाम हासिल किया। कई परियोजनाओं का शुभारंभ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से कराने की योजना है। पहले चरण में सीम विष्णु देव साय को

सफलता मिली जब वे सभी वीआईपी को न्योता देने दिल्ली पहुंचे थे, दूसरे चरण में स्पीकर डॉ. रमन सिंह को भी सफलता हाथ मिली जब पीएम मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ने अलग अलग परियोजनाओं में सम्मिलित होने की हामी भरी।

ब्रह्मकुमारी संस्थान भी लोकार्पित करेंगे

डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी को इस ऐतिहासिक अवसर पर नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण उनके कर-कमलों से करने हेतु सादर आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि यह गौरवशाली क्षण प्रदेश की जनता और सभी विधानसभा सदस्यों के लिए स्मरणीय होगा। सिंह ने स्पीकर ओम बिरला से भी सौजन्य भेंट की और उन्हें नवीन विधानसभा भवन के लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करने हेतु आमंत्रित किया। बिरला ने विधानसभा अध्यक्ष का आमंत्रण स्वीकार किया। सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी से चर्चा करते हुए कहा कि नवा रायपुर में ब्रह्माकुमारी बहनों का नया भवन बन कर तैयार है, जिसके लोकार्पण समारोह में ब्रह्मकुमारी बहनें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित करना चाहती हैं। डॉ. रमन सिंह के इस आग्रह को प्रधानमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर ब्रह्मकुमारी संस्थान के नवीन भवन लोकार्पण के लिए भी अपनी स्वीकृति प्रदान की है।

कर्नाटक हाईकोर्ट ने अहम टिप्पणी की

पॉक्सो जेंडर न्यूट्रल, महिला पर भी लग सकता है, याचिका खारिज

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट को लेकर अहम टिप्पणी की है। अदालत ने कहा है कि यह कानून जेंडर न्यूट्रल है और इसके तहत एक महिला पर भी आरोप लगाए जा सकते हैं।

अदालत एक अधेड़ महिला की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसपर 13 साल के बच्चे के साथ साल 2020 में शारीरिक संबंध बनाने के आरोप लगे हैं। कोर्ट ने आरोपी महिला की याचिका को खारिज कर दिया है।

सभी पर लगेगी समान धारा

अदालत ने इस तर्क को मानने से इनकार कर दिया कि यौन हिंसा या बलात्कार के आरोप एक महिला पर नहीं लग सकते। कोर्ट ने कहा है कि पॉक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 यह साफ बताते हैं कि जो भी, एक नाबालिग को पेनेट्रेटिव या अन्य यौन गतिविधियां करने के लिए मजबूर करता है, तो वह अपराधी है। कोर्ट ने कहा है कि प्रावधान की भाषा साफ करती है कि इसमें सभी

शामिल हैं। घटना साल 2020 की हैं। तब आरोपी महिला की उम्र 48 और पीड़ित लड़के की उम्र करीब 13 साल थी। लड़के के पड़ोस में रहने वाली आरोपी महिला उसकी मां के जरिए नाबालिग के संपर्क में आई थी। पीड़ित की मां उसे पड़ोसी महिला के घर पर भेजती थी, ताकि वह इंस्टाग्राम पर उसकी पोर्नोग्राफी पोस्ट करने में मदद कर सके। खबर है कि महिला ने ही इसके लिए रिक्वेस्ट की थी।

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में मिली कई परियोजनाओं को मंजूरी

कोटा-बूंदी में एयरपोर्ट, ओडिशा में 6 लेन की रिंग रोड बनेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को कई बड़े फैसले लिए गए। सरकार ने राजस्थान के कोटा-बूंदी में 1507 करोड़ की लागत से नया हवाई अड्डा बनाने का एलान किया है। केंद्रीय कैबिनेट ने ओडिशा के कटक और भुवनेश्वर में छह लेन की एक्सेस-नियंत्रित रिंग रोड बनाने की भी मंजूरी दे दी है।

इस परियोजना पर 8,307 करोड़ की लागत आएगी। केंद्रीय कैबिनेट ने मंगलवार को कुल 9,814 करोड़ की परियोजनों को अपनी मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कैबिनेट में लिए गए इन फैसलों की जानकारी दी है।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कैबिनेट में लिए गए इन फैसलों की जानकारी दी

हवाई अड्डे के लिए मुफ्त में जमीन देगी राजस्थान सरकार, यह 1,089 एकड़ जमीन में बनेगा

वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने मंगलवार को राजस्थान के कोटा-बूंदी में 1,507 करोड़ की अनुमानित लागत से एक नया हवाई अड्डा स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। वैष्णव ने कहा कि ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजना को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की ओर से वित्त पोषित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि हवाई अड्डे के लिए 1,089 एकड़ जमीन राजस्थान सरकार मुफ्त में उपलब्ध कराएगी। नए हवाई अड्डे की क्षमता प्रति वर्ष 20 लाख यात्रियों को संभालने की होगी। वैष्णव ने कहा कि हवाई अड्डा क्षेत्रीय संपर्क में उल्लेखनीय सुधार करेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। एएआई इस परियोजना का वित्तपोषण अपने आंतरिक स्रोतों से करेगा और इसके 24 महीनों में पूरा होने की उम्मीद है।

ओडिशा की रिंग रोड परियोजना पर खर्च होंगे 8308 करोड़

वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ओडिशा में हाइब्रिड एन्युइटी मोड (एचएएम) पर छह लेन की एक्सेस-कंट्रोल्ड कैपिटल रीजन रिंग रोड (भुवनेश्वर बाईपास) के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इसकी कुल पूंजी लागत 8,307.74 करोड़ रुपये होगी। वर्तमान में, मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामेश्वर और तांगी के बीच संपर्क अत्यधिक शहरीकृत शहरों खोरधा, भुवनेश्वर और कटक से होकर गुजरने वाले उच्च यातायात के कारण काफी भीड़भाड़ का सामना करता है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, 110 किलोमीटर लंबी इस परियोजना को 6-लेन वाले प्रवेश-नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है।

माल ढुलाई की दक्षता बढ़ेगी, रसद लागत घटेगी

यह परियोजना कटक, भुवनेश्वर और खोरधा शहरों से भारी वाणिज्यिक यातायात को हटाकर ओडिशा और अन्य पूर्वी राज्यों को महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करेगी। इससे माल ढुलाई की दक्षता बढ़ेगी, रसद लागत कम होगी और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना तीन प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच-55, एनएच-57 और एनएच-655) और एक राज्य राजमार्ग (एसएच-65) से जुड़ा है। यह ओडिशा में प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और रसद नोड्स को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

शीर्ष अदालत ने माना बाल विवाह नहीं

16 साल की मुस्लिम लड़की की शादी को सुप्रीम कोर्ट ने बताया सही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 16 साल की मुस्लिम लड़की की शादी को सही ठहराया है। उसे और उसके 30 वर्षीय पति को संरक्षण दिए जाने के हाई कोर्ट के फैसले को भी बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को भी फटकार लगाई है।

आयोग ने इस लड़की की उम्र का हवाला देते हुए शादी पर सवाल उठाया था और इसे पॉक्सो एक्ट का उल्लंघन बताया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर सहमति जताई, जिसमें कहा गया था कि अगर लड़की 15 साल की उम्र पार कर चुकी है तो मुस्लिम

पर्सनल लॉ के अनुसार वह मनपसंद व्यक्ति से शादी कर सकती है। इससे बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं होता।

हाई कोर्ट ने सुनवाई करते हुए आशियाना, उसके पति जावेद और उसके बच्चे को सुरक्षा दी थी ताकि पारिवारिक सदस्यों समेत धमकी देने वाले सभी लोगों से उनकी हिफाजत हो सके।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,